# 07 पदानुक्रम तथा पदों का विश्लेषण
## (Ranking and Comparison of Rank)

Ranking से तात्पर्य है किसी व्यक्ति का कुल व्यक्तियों के समूह में स्थान। इसमें कुछ शर्तें दी जाती हैं जिनके आधार पर किसी व्यक्ति का ऊपर या नीचे तथा दाएँ या बाएँ से स्थान ज्ञात करना होता है। कुछ प्रश्नों में किसी व्यक्ति का आगे तथा पीछे से स्थान दिया गया होता है और आपको कुल व्यक्तियों की संख्या ज्ञात करनी होती है। कई बार कुछ व्यक्तियों की संख्या दी जाती है और उसमें से एक का आगे या पीछे से स्थान दिया गया होता है। अगर आगे से स्थान दिया गया होता है, तो पीछे से उसका स्थान ज्ञात करना होता है या फिर पीछे से उसका स्थान दिया गया होता है और आगे से स्थान प्राप्त करना होता है। कई बार दो व्यक्तियों में से एक का आगे से तथा एक बार पीछे से स्थान दिया गया होता है और उनके बीच कुछ लोग होते हैं, जिनकी संख्या दी गई होती है और आपको सभी लोगों की संख्या ज्ञात करनी होती है। कभी-कभी दो व्यक्तियों का बायें तथा दायें से स्थान दिया गया होता है। अगर वे आपस में अपना स्थान बदल लें तो उनका उनकी उलटी दिशा से स्थान दिया गया होता है और आपको लोगों की कुल संख्या ज्ञात करनी होती है। अब, नीचे कुछ Examples द्वारा इन प्रश्नों और उसके हल करने के तरीके को समझेंगे।

### साधित उदाहरण

**TYPE–I**

1. 72 छात्रों के समूह में आकाश का स्थान नीचे से 42वाँ है, तो ऊपर से उसका स्थान क्या होगा?

(1) 30वाँ (2) 31वाँ (3) 29वाँ
(4) 32वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (2)**: आकाश का स्थान नीचे से 42वाँ है अर्थात् उसके ऊपर कुल 72 – 42 = 30 छात्र हैं। इसलिए आकाश का ऊपर से स्थान 30 + 1 = 31वाँ होगा। ध्यान दें कि हमने यहाँ +1 किया है। यहाँ +1 इसलिए किया है क्योंकि 30 व्यक्ति उसके स्थान के अलावे है, जिनके ठीक नीचे आकाश का स्थान है इसलिए उत्तर (2) होगा।

2. संजय का स्थान अपने वर्ग में ऊपर से चौथा और नीचे से 41वाँ है। वर्ग में कुल कितने छात्र हैं?

(1) 45वाँ (2) 46वाँ (3) 44वाँ
(4) 43वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (3)**: कुल छात्रों की संख्या = 41 + 4 – 1 = 44वाँ


अब प्रश्न यह है कि कुल संख्या में से 1 क्यों घटाया गया? ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ऊपर से चौथा और नीचे से 41वाँ स्थान एक ही है। जब हम दोनों संख्याओं (4 तथा 41) को जोड़ते हैं तो संजय का स्थान (ऊपर से चौथा एवं नीचे से एकतालीसवाँ) दो बार गिना जाता है जो गलत है अतः उत्तर (3) होगा।

3. 21 छात्रों की पंक्ति में विपुल अगर चार स्थान दाएँ चला जाता है तो उसका स्थान बाएँ से 15वाँ हो जाता है। बताएँ कि—

(i) पहले पंक्ति में बाएँ से उसका क्या स्थान था?
(ii) पहले उसका पंक्ति में दाएँ से क्या स्थान था एवं
(iii) अब, उसका दाएँ से क्या स्थान है?

(1) 11, 11, 8 (2) 12, 11, 8 (3) 11, 11, 7
(4) 12, 11, 7 (5) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (3)**: विपुल का स्थान निम्नलिखित प्रकार दर्शाया जा सकता है—




चित्रानुसार,

(i) पहले उसका पंक्ति में बायें से 11वाँ स्थान था।

(ii) पहले उसका पंक्ति में दाएँ से स्थान = 21 – 11 + 1 = 11वाँ
(यहाँ + 1 क्यों किया गया यह आप पहले ही समझ चुके हैं।)

(iii) वर्तमान में उसका दाएँ से स्थान = 21 – 15 + 1 = 7वाँ

4. अवनीश का अपने वर्ग में बाएँ से 15वाँ स्थान है और सुरेश का उसी वर्ग में दाएँ से 12वाँ। सुरेश अवनिश के दाएँ है। उनके बीच में 4 छात्र हैं। बताएँ कि—

(i) कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?
(ii) अवनीश का दाएँ से कौन-सा स्थान है तथा
(iii) सुरेश का बाएँ से कौन-सा स्थान है?

(1) 31, 17, 20 (2) 32, 17, 20 (3) 31, 18, 19
(4) 19, 18, 20 (5) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (1)**: (i) कुल छात्रों की संख्या = 15 + 12 + 4 = 31

(यहाँ +1 या – 1 नहीं करना पड़ा क्योंकि किसी का स्थान एक-दूसरे पर Overlap नहीं कर रहा था)


(ii) अवनीश का बाएँ से 15वाँ स्थान है।
दाएँ से उसका स्थान = 31 – 15 + 1 = 17वाँ होगा।

(iii) सुरेश का दाएँ से स्थान 12वाँ है।
बाएँ से उसका स्थान 31 – 12 + 1 = 20वाँ होगा।

5. विशाल एवं सरोज का स्थान अपने ग्रुप में क्रमशः बाएँ से 12वाँ एवं दाएँ से 8वाँ है। अगर वे अपना स्थान आपस में बदल लेते हैं तो सरोज का स्थान दाएँ से 17वाँ हो जाता है। बताएँ कि विशाल का बाएँ से कौन-सा स्थान होगा तथा ग्रुप में कितने लोग हैं?

(1) 20, 28 (2) 21, 27 (3) 21, 28
(4) 21, 22 (5) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (3)**:




स्थान परिवर्तन के बाद सरोज का स्थान दायें से 17वाँ हो जाता है अर्थात प्रारंभ में विशाल एवं सरोज के बीच लोगों की संख्या

⇒ 17 – 8 – 1 = 8

इसलिए स्थान परिवर्तन के बाद विशाल का स्थान बाएँ से

⇒ 12 + 8 + 1 = 21वाँ

अतः कुल लोगों की संख्या = 12 + 8 + 8 = 28

www.classroomnotes.in

**पद का विश्लेषण** (Comparison of Rank)

Comparison of Rank में दो तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं। 5 या 6 संख्याएँ या वस्तुओं को दिया जाता है। उनमें सबसे बड़ी या छोटी या बीच वाली निकालना होता है। दूसरे तरह के प्रश्न में बाएँ से कौन-सी होगी या दाएँ से कौन-सी होगी या बीच में कौन-सी होगी, निकालना होता है। इसको हम निम्न उदाहरणों द्वारा समझेंगे—

## साधित उदाहरण

**I.** निम्न सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें।

(i) पाँच छात्र A, B, C, D और E एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।

(ii) D, E के ठीक दाहिने है तथा B, E के बायें है लेकिन A के दाएँ है।

(iii) D, C के ठीक बायें है।

इस आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें।

**1.** बायें सिरे पर कौन है?
(1) C (2) D (3) A
(4) B (5) इनमें से कोई नहीं

**2.** मध्य में कौन है?
(1) E (2) D (3) B
(4) A (5) इनमें से कोई नहीं

**3.** दाहिने सिरे पर कौन है?
(1) B (2) C (3) D
(4) A (5) ज्ञात नहीं किया जा सकता है

### उत्तर

प्रश्नानुसार सबको सजाने पर,

बायें A B E D C दायें
→ ←

**1.** **(3)** बायें सिरे पर A होगा।

**2.** **(1)** बीच में E होगा।

**3.** **(2)** दाहिने सिरे पर C होगा।

**II.** नीचे दी गई सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उस आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

(i) पाँच मित्र A, B, C, D, S हैं।

(ii) A, B से छोटा है पर S से लंबा है।

(iii) C उनमें सबसे लंबा है।

(iv) D, B से थोड़ा छोटा है और A से थोड़ा बड़ा

अब प्रश्नों के उत्तर दें।

**1.** उनमें सबसे छोटा कौन है?
(1) S (2) B (3) A
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं

**2.** अगर वे अपनी ऊँचाई की वरीयता में खड़े हों, तो मध्य में कौन आएगा?
(1) B (2) S (3) A
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं

**3.** अगर वे ऊँचाई के आरोही क्रम (increasing order) में खड़े हों, तो शुरू से दूसरा कौन होगा?
(1) D (2) A (3) S
(4) B (5) इनमें से कोई नहीं

**4.** निम्न में से कौन D से बड़ा परंतु C से छोटा है?
(1) A (2) S (3) B
(4) C (5) इनमें से कोई नहीं

### उत्तर

**उत्तर:** दी गई सूचनाओं के आधार पर,

(ii) के अनुसार, A, B से छोटा है पर S से लंबा है।

$B > A > S$

(iv) के अनुसार D, B से थोड़ा छोटा और A से बड़ा है।

$B < D < A$

(ii), (iii) तथा (iv) का compare करने पर

$\Rightarrow S < A < D < B < C$

**1.** **(1)** सबसे छोटा S है।

**2.** **(4)** इनके वरीयता के क्रम में बीच में D होगा।

**3.** **(2)** अगर वे आरोही क्रम में खड़ा हों, तो दूसरा A होगा।

$S < \boxed{A} < D < B < C$

**4.** **(3)** इनमें D से बड़ा तथा C से छोटा B होगा।

**III.** A, B, C, D और E पाँच नदियाँ हैं। A, B से छोटी है लेकिन E से लंबी है। C सबसे लंबी है और D, B से थोड़ी छोटी है और A से थोड़ी लंबी है। बताएँ कि इनमें से सबसे छोटी नदी कौन है?
(1) A (2) B (3) C
(4) D (5) E

**उत्तर (5):** प्रश्नानुसार, लंबाई के अनुसार व्यवस्थित करने पर,

$A < B$ लेकिन $A > E$, $D < B$ और $D > A$ और C सबसे लंबी नदी है।

$\therefore C > B > D > A > \boxed{E}$

अतः E सबसे छोटी नदी है।

## अभ्यास–1

### TYPE–I

**1.** लड़कों की एक पंक्ति में, तारक पंक्ति के दोनों छोरों से 18वें स्थान पर है। पंक्ति में कितने लड़के हैं?
(1) 19 (2) 36 (3) 35
(4) 42 *[SSC-CGL 2017]*

**2.** लोगों की एक पंक्ति में मनु नीचे के छोर से 7वें स्थान पर है। श्रेय, मनु से 10 स्थान ऊपर है। यदि श्रेय ऊपर के छोर से 8वें स्थान पर है, तो इस पंक्ति में कितने लोग हैं?
(1) 25 (2) 24 (3) 26
(4) 2 *[SSC-CGL 2017]*

**3.** एक पंक्ति में A तथा B के मध्य में 6 लड़कें हैं तथा A पंक्ति में सबसे पहला लड़का है। B तथा C के मध्य में 3 लड़के हैं। यदि C के पश्चात 12 लड़के हों, तो पंक्ति में कम-से-कम कितने लडके हैं?
(1) 20 (2) 24 (3) 16
(4) 18 *[SSC-CGL 2017]*

**4.** 74 लड़कियों की एक पंक्ति में, श्वेता बायें छोर से 27वें स्थान पर है। पलक, श्वेता के दायें 7वें स्थान पर है। पलक का स्थान पंक्ति के दायें छोर की ओर से क्या है?
(1) 40 (2) 44 (3) 42
(4) 41 *[SSC-CGL 2017]*

**5.** एक पंक्ति में 45 वृक्ष हैं। नींबू का वृक्ष दायें छोर से 20वें स्थान पर है। नींबू के वृक्ष का स्थान बायें छोर से क्या है?
(1) 24 (2) 26 (3) 25
(4) 27 *[SSC-CGL 2017]*

www.classroomnotes.in

**6.** एक पंक्ति में श्याम अगर आगे से 15वाँ और पीछे से 13वाँ है, तो पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?
(1) 25 (2) 28
(3) 29 (4) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

**7.** लड़कियों की एक कतार में प्रिया दोनों छोर से 11वें स्थान पर है। बताएँ कि इस कतार में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?
(1) 22 (2) 23 (3) 20
(4) 21 (5) 19

**8.** एक कक्षा में 51 विद्यार्थियों के बीच में आयशा का स्थान 21वाँ है बताएँ कि उसका अंतिम से स्थान क्या होगा?
(1) 21वाँ (2) 35वाँ (3) 17वाँ
(4) 30वाँ (5) 31वाँ

**9.** एक कक्षा में 31 विद्यार्थियों के बीच रतन का स्थान 17वाँ है। बताएँ कि अंतिम से उसका स्थान क्या होगा?
(1) 13वाँ (2) 14वाँ (3) 15वाँ
(4) 16वाँ (5) 17वाँ

**10.** 40 विद्यार्थियों के एक कक्षा में आयुष्मान का क्रमांक 19वाँ है। बताएँ कि अंतिम से उसका क्रमांक क्या होगा?
(1) 22वाँ (2) 20वाँ (3) 21वाँ
(4) 19वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

**11.** किसी कक्षा में मनोज का क्रमांक ऊपर से 8वाँ और नीचे से 28वाँ है। बताएँ कि उस कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 37 (2) 34 (3) 36
(4) 33 (5) इनमें से कोई नहीं

**12.** किसी कक्षा में आशुतोष का क्रमांक ऊपर से 15वाँ और नीचे से 21वाँ है। बताएँ कि उस कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 37 (2) 35 (3) 34
(4) 36 (5) इनमें से कोई नहीं

**13.** 42 छात्राओं की कक्षा में मंजु का क्रम ऊपर से 16वाँ है। उसका क्रम अंत से कितना है?
(1) 26वाँ (2) 15वाँ (3) 16वाँ
(4) 27वाँ (5) 28वाँ

**14.** धीरज का एक पंक्ति में दोनों सिरों से पाँचवाँ स्थान है। बताएँ कि पंक्ति में कुल कितने छात्र हैं?
(1) 9 (2) 11 (3) 8
(4) 10 (5) इनमें से कोई नहीं

**15.** 38 छात्रों की एक कक्षा में श्यामली का क्रम ऊपर से 18 है उसका क्रम नीचे से क्या होगा?
(1) 19वाँ (2) 20वाँ (3) 22वाँ
(4) 21वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

**16.** एक कक्षा में अंजली का क्रम ऊपर से 14वाँ और नीचे से 23वाँ है। बताएँ कि उस कक्षा में कुल कितनी छात्रा हैं?
(1) 38 (2) 36 (3) 35
(4) 37 (5) इनमें से कोई नहीं

**17.** 83 बच्चों की एक कक्षा में विजय का क्रम ऊपर से 14वाँ है। नीचे से उसका क्रम क्या है?
(1) 30वाँ (2) 28वाँ (3) 31वाँ
(4) 29वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

**18.** अपने वर्ग में सत्यम का स्थान ऊपर से 9वाँ तथा नीचे से 31वाँ है। बताएँ कि उस वर्ग में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 40 (2) 42 (3) 39
(4) 41 (5) इनमें से कोई नहीं

**19.** बच्चों की कतार में भारती का क्रमांक ऊपर से 27वाँ तथा नीचे से 51वाँ है। बताएँ कि इस कतार में कुल कितने बच्चे हैं?
(1) 77 (2) 74 (3) 72
(4) 78 (5) 75

**20.** एक परिक्षा में अर्चना का ऊपर से 16वाँ और नीचे से 15वाँ क्रम है। कक्षा में कुल कितने छात्राएँ हैं?
(1) 30 (2) 31
(3) 32 (4) ज्ञात नहीं किया जा सकता है
(5) इनमें से कोई नहीं

**21.** 80 विद्यार्थियों की एक कक्षा में राजू का क्रमांक 19वाँ है। बताएँ कि अंतिम से उसका क्रमांक क्या होगा?
(1) 62 (2) 60 (3) 61
(4) 69 (5) इनमें से कोई नहीं

**22.** विद्यार्थियों की एक कतार में राजेश एक सिरे से 10वाँ तथा दूसरे सिरे से 9वाँ है, उस कतार में कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 18 (2) 19 (3) 20
(4) 21 (5) इनमें से कोई नहीं *[LDC 2003]*

**23.** 56 विद्यार्थियों के एक वर्ग में अमृता का स्थान 9वाँ है। नीचे से उसका स्थान क्या है?
(1) 65वाँ (2) 67वाँ (3) 66वाँ
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं *[RRB 2004]*

**24.** 40 विद्यार्थियों की कक्षा में मोहन का स्थान ऊपर से 10वाँ है। यदि मोहन और रोहन के बीच 5 विद्यार्थी हैं, तो रोहन और अंतिम विद्यार्थी के बीच कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 22 (2) 23 (3) 24
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं *[Vijaya Bank PO 2004]*

**25.** अजय का स्थान उसकी कक्षा में ऊपर से 12वाँ है। प्रसाद का स्थान उसी कक्षा में नीचे से 18वाँ है जो अजय से आठ स्थान पीछे है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?
(1) 35 (2) 34 (3) 36
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं *[Indian Bank PO 2002]*

**26.** सुरेश 40 छात्रों की एक कक्षा में शीर्ष छात्र समीर से 5 स्थान नीचे हैं। सुरेश का कक्षा में नीचे से कौन-सा स्थान है?
(1) 34वाँ (2) 36वाँ (3) 33वाँ
(4) 35वाँ (5) इनमें से कोई नहीं *[Syndicate Bank 2007]*

**27.** 40 विद्यार्थियों के एक वर्ग में समीर का ऊपर से 12वाँ स्थान है? आलोक, समीर से आठ स्थान नीचे है। नीचे से आलोक का स्थान कौन-सा है?
(1) 20वाँ (2) 21वाँ (3) 22वाँ
(4) 19वाँ (5) इनमें से कोई नहीं
*[Vijaya Bank Clerk 2007]*

**28.** 10 लड़कियों और 20 लड़कों की एक कक्षा में जया का स्थान लड़कियों में 4था और कक्षा में 18वाँ है। जया का कक्षा में लड़कों के बीच कौन-सा स्थान है?
(1) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
(2) 16 (3) 14 (4) 15
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank Clerk 2007]*

www.classroomnotes.in

29. उत्तर की ओर मुँह किये 40 छात्रों के एक समूह में कैलाश, सोमन के बाएँ छठा है। यदि सोमन बायीं छोर से 30वें स्थान पर है, तो कैलाश

38. कुछ छात्र एक पंक्ति में खड़े हैं। दिलिप और हेमन्त को सात छात्रों ने अलग-अलग कर रखा है। अगर हेमन्त दाहिने सिरे से आठवाँ हो तो

www.classroomnotes.in

**29.** उत्तर की ओर मुँह किये 40 छात्रों के एक समूह में कैलाश, सोमन के बाएँ छठा है। यदि सोमन बायीं छोर से 30वें स्थान पर है, तो कैलाश दायीं छोर से किस स्थान पर है?

(1) 17वाँ (2) 16वाँ (3) 15वाँ
(4) 26वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

*[Bank of Maharashtra Clerk 2007]*

**30.** सतीश का स्थान सुशील से 15 क्रमांक ऊपर है जिसका 50 बच्चों की कक्षा में 28वाँ स्थान है। नीचे से सतीश का कक्षा में कौन-सा स्थान है?

(1) 39 (2) 37 (3) 38
(4) 35 (5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank Clerk 2007]*

**31.** उत्तर की ओर मुख किये 21 बच्चों की पंक्ति में नीतिन शिखा के दायें से तीसरा है। शिखा, जो कि दायें छोर से 9वें स्थान पर है। बायें छोर से नितिन का स्थान क्या है?

(1) 12वाँ (2) 15वाँ (3) 16वाँ
(4) 6ठा (5) इनमें से कोई नहीं

*[Corporation Bank Clerk 2008]*

**32.** एक कक्षा में 35 विद्यार्थी हैं। कक्षा में लड़कियों में सुमन तीसरे स्थान पर है। कक्षा में लड़कों में अमित का स्थान 5वाँ है। सुमन कक्षा में अमित से एक स्थान नीचे है। कक्षा में किन्हीं दो विद्यार्थियों का स्थान समान नहीं है। कक्षा में अमित का स्थान क्या है?

(1) निर्धारित नहीं किया जा सकता है (2) 5वाँ
(3) 7वाँ (4) 8वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank of India Clerk 2008]*

**33.** लड़कियों की एक पंक्ति में कमल आगे से 11वीं है। नीला सुनिता से 3 स्थान आगे है जो आगे से 22वीं है। इस पंक्ति में कमल और नीला के बीच कितनी लड़कियाँ हैं?

(1) छह (2) आठ (3) सात
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता है (5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank of India Clerk 2008]*

**34.** 25 बच्चों की एक पंक्ति में नयन दाएँ से चौदहवाँ है। पंक्ति में अरूण, नयन के बाएँ तीसरा है। पंक्ति के बाएँ से अरूण का स्थान कौन-सा है?

(1) आठवाँ (2) नौवाँ (3) सातवाँ
(4) दसवाँ (5) इनमें से कोई नहीं

*[Bank of India Clerk 2008]*

**35.** एक पंक्ति में बच्चे उत्तर की ओर मुँह किये हुए हैं। उनमें समीर बाएँ से 17वाँ तथा ज्योति के दाएँ दूसरा है, जो कि उस पंक्ति के दाएँ से 15वाँ है, तो पंक्ति में कितने बच्चे हैं?

(1) 30 (2) 29 (3) 31
(4) 24 (5) इनमें से कोई नहीं

*[Canara Bank Clerk 2009]*

**36.** एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख किये हुए 25 बच्चों में Q दाएँ छोर से आठवाँ है तथा Q और D के बीच दस बच्चे हैं। बाएँ छोर से पंक्ति में D का स्थान क्या है?

(1) 7वाँ (2) 19वाँ (3) 8वाँ
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

*[Panjab National Bank Clerk 2009]*

**37.** दक्षिण की ओर मुँह की हुई पैंतालीस लड़कियों की एक कतार में D दाहिनी छोर से 16वाँ है। D और B के मध्य 8 लड़कियाँ हैं। पंक्ति की बायीं छोर से B का स्थान क्या है?

(1) इक्कीसवाँ (2) नौवाँ (3) बीसवाँ
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

*[Panjab & Sind Bank Clerk 2010]*

**38.** कुछ छात्र एक पंक्ति में खड़े हैं। दिलिप और हेमन्त को सात छात्रों ने अलग-अलग कर रखा है। अगर हेमन्त दाहिने सिरे से आठवाँ हो तो दिलिप का बाएँ सिरे से क्या स्थान होगा?

(1) 15 (2) 16 (3) 6
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

*[Indian Overseas 2007]*

**39.** एक कक्षा में बीजु ऊपर से 8वें स्थान पर है जबकि संजय नीचे से 29वें स्थान पर है। उस कक्षा में कुल कितने लड़के हैं?

(1) 37 (2) 35 (3) 38
(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

*[PNB 2007]*

**40.** उत्तराभिमुख बच्चों की एक पंक्ति में रितेश बाएँ छोर से बारहवाँ है। सुधीर जो दाएँ छोर से बाइसवाँ है, रितेश से दाएँ का चौथा है। पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं?

(1) 35 (2) 36 (3) 37
(4) 34 (5) इनमें से कोई नहीं

*[SBI 2007]*

**41.** उत्तर की ओर मुँह किये हुये बच्चों की पंक्ति में मनीष, सुरेश के बाएँ का चौथा है, जो बाएँ छोर से दसवाँ है। निशा, सुरेश के दाएँ को दूसरी है, जो पंक्ति के दाएँ छोर से आठवाँ है। पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं?

(1) 19 (2) 20 (3) 21
(4) 18 (5) इनमें से कोई नहीं

*[Andhra Bank 2007]*

**42.** लड़कों की पंक्ति में अक्षय बायीं ओर से 16वाँ है और विजय दायीं ओर से 18वाँ है। अविनाश, अक्षय से दायीं ओर 11वाँ है और विजय से तीसरा है। पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?

(1) डाटा अधूरे हैं (2) 40 (3) 48
(4) 42 (5) इनमें से कोई नहीं

*[SBI 2008]*

**43.** विमल एवं कमल एक पंक्ति में क्रमशः बाएँ से 7वाँ एवं दाएँ से 13वाँ है। अगर कक्षा में कुल 26 छात्र हैं तो विमल का स्थान दाएँ से कौन-सा होगा?

(1) 19 (2) 18 (3) 21
(4) 42 (5) इनमें से कोई नहीं

**44.** सुनील एवं पंकज 50 छात्रों के एक वर्ग में ऊपर से क्रमशः 15वें एवं 9वें स्थान पर है तो पंकज का वर्ग में नीचे से कौन-सा स्थान है?

(1) 42 (2) 41 (3) 40
(4) 43 (5) इनमें से कोई नहीं

**45.** एक कक्षा में नारायण का स्थान बाएँ से 14वाँ और दिवाकर का दाएँ से 12वाँ है तथा नारायण, दिवाकर के बाएँ कहीं पर स्थित है। अगर दोनों अपना स्थान आपस में बदल लें तो नारायण का स्थान बाएँ से 20वाँ हो जाता है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?

(1) 32 (2) 31 (3) 30
(4) 33 (5) इनमें से कोई नहीं

**46.** एक पंक्ति में A बाएँ से 9वें स्थान पर है।; अगर वह अपने स्थान से 4 स्थान दाएँ चला जाये, तो पंक्ति में कुल कितने लोग होंगे यदि अब वह दाएँ से सातवें स्थान पर है?

(1) 19 (2) 18 (3) 20
(4) 21 (5) इनमें से कोई नहीं

**47.** शमशेर एक पंक्ति में बाएँ से 17वें स्थान पर है। वह पाँच स्थान बाएँ आया। अगर पंक्ति में कुल 24 लोग है, तो उसका अब दाएँ से कौन-सा स्थान है?

(1) 13वाँ (2) 7वाँ (3) 15वाँ
(4) 14वाँ (5) इनमें से कोई नहीं

48. श्याम का स्थान एक पंक्ति में बाएँ से 8वाँ है तथा मोहन का स्थान दाएँ से 9वाँ है। अगर उन दोनों के बीच 4 व्यक्ति और हों, तो पंक्ति में कुल कितने लोग हैं। दोनों एक दूसरे को Overlap नहीं करते हैं।
(1) 17 (2) 21 (3) 19
(4) 20 (5) इनमें से कोई नहीं [LDC 2005]

49. 30 छात्रों की कक्षा में महेश बाएँ सिरे से 14वें क्रम पर है तथा रमेश दाएँ सिरे से 20वें क्रम पर है। रमेश और महेश के बीच कितने छात्र हैं?
(1) 3 (2) 2 (3) 4
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं

50. 16 लड़कियों की एक पंक्ति में जब पूजा को दो स्थान बायीं ओर खिसकाया गया तो वह बाएँ सिरे से 7वीं हो गयी। पहले दाएँ से उसकी क्या स्थिति थी?
(1) 7वीं (2) 8वीं (3) 9वीं
(4) 10वीं (5) इनमें से कोई नहीं

51. उत्तर की ओर मुँह किए हुए लड़कों की एक पंक्ति में गणेश, अक्षय के बाएँ को 7वाँ है। विजय, जो पंक्ति के बाएँ छोर से 20वाँ है, अक्षय के दाएँ को 7वाँ है। यदि कमलेश, जो गणेश के दाएँ को तीसरा है। पंक्ति के दाएँ छोर से 20वाँ है, तो पंक्ति में कितने लड़के हैं?
(1) निर्धारित नहीं किया जा सकता (2) 30
(3) 28 (4) 26 (5) इनमें से कोई नहीं
[India Overseas Bank PO 2006]

52. लड़कों की एक पंक्ति में मोहन बाएँ छोर से बीसवाँ और दाएँ छोर से बारहवाँ है। उस पंक्ति में प्रताप दाएँ छोर से पन्द्रहवाँ है, प्रताप का बाएँ छोर से क्या स्थान होगा?
(1) 14 (2) 12 (3) 13
(4) 15 (5) इनमें से कोई नहीं [Dena Bank PO 2007]

53. बच्चों की एक पंक्ति में श्रीनाथ बाएँ से आठवाँ है, यदि दाईं ओर चार स्थान खिसकाया जाए तो वह संध्या जो दाएँ से सोलहवीं है, के बाएँ तीसरा हो जाता है। पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं?
(1) 29 (2) 31 (3) 30
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं
[Sidbi Asstt. Manager 2006]

54. यदि बच्चों की एक पंक्ति में, जो उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं, भरत दाएँ सिरे से 11वाँ है, तथा समीर के दाएँ तीसरा है तथा समीर बाएँ सिरे से 15वाँ है, तो पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं?
(1) 29 (2) 28 (3) 30
(4) 27 (5) इनमें से कोई नहीं
[Allahabad bank PO 2008]

55. विद्यार्थियों की एक पंक्ति में गोपाल और स्वपन के बीच 14 विद्यार्थी हैं, पंक्ति के दाएँ अंत से गोपाल 24वाँ स्थान पर है। यदि पंक्ति के बाएँ अंत से गोपाल स्वपन से नजदीक है, तो स्वपन पंक्ति के बाएँ अंत से कितनी दूर है?
(1) 11वाँ (2) 37वाँ (3) 38वाँ
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं
[Corporation Bank PO 2005]

56. 40 विद्यार्थियो की एक पंक्ति में जब नितिन को उसके दाईं ओर 8 स्थान खिसका दिया जाता है, तो उसका स्थान दाएँ अंत से 22वाँ हो जाता है। उसी पंक्ति में उसका वास्तविक स्थान बाएँ अंत से क्या होगा।
(1) 12वाँ (2) 10वाँ (3) 9वाँ
(4) 11वाँ (5) इनमें से कोई नहीं
[Corporation Bank PO 2005]

57. 36 विद्यार्थियों की एक कक्षा में सबसे ऊपर से रवि का स्थान 12 है। राधिका रवि से तीन स्थान ऊपर है। नीचे से राधिका का स्थान कौन-सा है?
(1) 27 (2) 28 (3) 26
(4) 29 (5) इनमें से कोई नहीं

58. दक्षिण की ओर मुँह किए हुए बच्चों की एक पंक्ति में नेहा, रोबिन से दाएँ को पाँचवीं है। अशोक, नेहा के दाएँ को बारहवाँ और बाएँ छोर से अठाईसवाँ है। बाएँ छोर से रोबिन का स्थान कौन-सा है?
(1) 11वाँ (2) 13वाँ (3) डाटा अपर्याप्त
(4) 10वाँ (5) इनमें से कोई नहीं [Union Bank PO 2006]

59. यदि 35 बच्चों की पंक्ति मे M दाएँ सिरे से 15वें स्थान पर है तथा M और R के बीच 10 बच्चे हैं तो पंक्ति में R का बाएँ सिरे से कौन-सा स्थान है?
(1) 15वाँ (2) 5वाँ (3) 30वाँ
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं
[Corporation Bank PO 2009]

60. उत्तर दिशा की ओर मुँह किए हुए बालकों की एक पंक्ति में A बाएँ छोर से 16वाँ है और C दाएँ छोर से 16वाँ पंक्ति में B, जो A के दाईं ओर चौथा है, C की बाईं ओर पाँचवाँ है। पंक्ति में कितने बालक हैं?
(1) 42 (2) 41 (3) 40
(4) 39 (5) इनमें से कोई नहीं [RBI 2005]

61. उत्तर की ओर मुँह किए हुए 40 लड़कों की एक पंक्ति में अमर, सुदीप के दाएँ से छठवाँ है ओर सुदीप, विजय के बाएँ से ग्यारहवाँ है, यदि अमर पंक्ति के दाएँ छोर से अट्ठाइसवाँ है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से विजय का कौन-सा स्थान है?
(1) 17वाँ (2) 21वाँ (3) 20वाँ
(4) 18वाँ (5) इनमें से कोई नहीं
[SBI PO 2005]

62. दक्षिण की ओर मुँह करके खड़े 25 बच्चों की एक पंक्ति में R दाएँ सिरे से 16वें क्रम पर है तथा B बाएँ सिरे से 18वें क्रम पर है, R और B के बीच कितने बच्चे हैं?
(1) 37 (2) 35 (3) 34
(4) 36 (5) इनमें से कोई नहीं
[Punjab & sind bank PO 2010]

63. उत्तर दिशा की ओर मुँह किए हुए बच्चों की एक पंक्ति में श्वेता बाएँ से पन्द्रहवीं है और ज्योति, श्वेता के बाएँ को तीसरी है। राम जो ज्योति के दाएँ तो सातवाँ है, पंक्ति के दाएँ छोर से पाँचवाँ है, दाएँ छोर से श्वेता का स्थान कौन-सा है?
(1) 12वाँ (2) 10वाँ (3) 8वाँ
(4) 9वाँ (5) इनमें से कोई नहीं [Dena Bank PO 2006]

64. 48 छात्रों की एक कक्षा में अनुज का ऊपर से 19वाँ स्थान है तथा जीवन का नीचे से 12वाँ स्थान है, अनुज और जीवन के बीच में कितने छात्र है?
(1) 17 (2) 16 (3) 18
(4) ज्ञात नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

65. 20 छात्रों की एक पंक्ति में R दाईं ओर से 5वें स्थान पर है तथा T बाईं ओर से चौथे स्थान पर है, R व T के मध्य में कितने छात्र हैं?
(1) 11 (2) 12 (3) 10
(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं
[Bank of India PO 2010]

www.classroomnote.in

66. अड़तालीस छात्रों की एक कक्षा में संजय ऊपर से उन्नीसवाँ है और राकेश नीचे से बारहवाँ है, राकेश और संजय के बीच कितने छात्र है ?
(1) 17 (2) 16 (3) 18
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं
[RBI 2006]

67. बच्चों की एक पंक्ति में नीता का क्रम बाएँ सिरे से 15वाँ है, यदि वह दाईं ओर 4 स्थान आगे सरक जाती है तो वह दाएँ सिरे से 8वें क्रम पर हो जाती है। पंक्ति में कितने बच्चे हैं ?
(1) 27 (2) 26 (3) 28
(4) 24 (5) इनमें से कोई नहीं [Indian Bank PO 2008]

68. 30 लड़कों की एक पंक्ति में R दाएँ छोर से चौथा है। जबकि W बाएँ छोर से 10वाँ है। R और W के बीच कितने लड़के हैं ?
(1) 15 (2) 16 (3) 17
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं
[Indian overseas Bank PO 2009]

69. लड़कियों की एक कतार में आलिया दोनों छोर से 11वाँ स्थान पर है। बताएँ कि कतार में कुल कितनी लड़कियाँ हैं ?
(1) 19 (2) 20 (3) 21
(4) 22 [SSC 2008]

70. लड़कियों की एक कतार में जिया बाएँ से 7वें तथा शताब्दी दाएँ से 9वें स्थान पर है। जब ये दोनों आपस में अपना स्थान अदल-बदल लेती है तो जिया बाएँ से 11वें स्थान पर चली जाती है, तो कतार में कुल कितनी लड़कियाँ हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 20
(4) इनमें से कोई नहीं [SSC 2009]

71. 35 विद्यार्थियों की एक कक्षा में किरण नीचे से 7वें स्थान पर है। जबकि सोहन ऊपर से 9वें स्थान पर है। मोहन दोनों के ठीक बीच में है। मोहन से किरण की स्थिति क्या है ?
(1) 10 (2) 11 (3) 13
(4) 9 (5) इनमें से कोई नहीं [RRB 2008]

72. राकेश किसी कक्षा में ऊपर से 9वें ओर नीचे से 38वें क्रम पर है। कक्षा में कितने बच्चे हैं ?
(1) 46 (2) 48 (3) 45
(4) 47 (5) इनमें से कोई नहीं [RRB 2008]

73. लड़कों की एक पंक्ति में संदेश दाईं ओर से 8वाँ और चंकी बाईं ओर 12वाँ है। जब संदेश और चंकी अपनी-अपनी स्थितियाँ अदल-बदल लेते हैं तो चंकी बाईं ओर से 21वाँ हो जाता है। दायीं ओर से संदेश की स्थिति क्या है ?
(1) 8वीं (2) 17वीं
(3) 21वीं (4) इनमें से कोई नहीं [SSC 2003]

74. 33 छात्रों की एक कक्षा के रजिस्टर में प्रत्येक तीसरा नंबर छात्रा का है। सुधा का स्थान ऊपर से सभी छात्रों में 18वाँ है, तो उसका स्थान नीचे से छात्राओं के मध्य क्या होगा ?
(1) 9वाँ (2) 12वाँ
(3) 8वाँ (4) इनमें से कोई नहीं [SSC 2009]

75. किसी वर्ग में सुमन का स्थान ऊपर से 7वाँ है। उसी वर्ग में विजय का स्थान ऊपर से 15वाँ एवं नीचे से 21वाँ है। उसी वर्ग में सुमन का स्थान नीचे से कौन-सा है ?
(1) 27वाँ (2) 28वाँ (3) 39वाँ
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

76. लड़कों की एक पंक्ति में श्याम बायीं ओर से पन्द्रहवाँ है और दायीं ओर से सातवाँ । पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं ?
(1) 22 (2) 29
(3) 21 (4) 31 [SSC 2011]

77. एक पंक्ति में रवि का स्थान दोनों छोर से सोलहवाँ है उस पंक्ति में कुल कितने लोग हैं ?
(1) 30 (2) 31
(3) 29 (4) 32 [SSC 2011]

78. 80 लड़कों की एक कक्षा में एक लड़के का योग्यता श्रेणी में ऊपर से 43वाँ स्थान है। उसका नीचे से कौन-सा स्थान होगा ?
(1) 37 (2) 38
(3) 41 (4) 36 [SSC 2011]

79. 10 लड़कियों और 20 लड़कों की एक कक्षा में जया का स्थान लड़कियों में चौथा और कक्षा में 18वाँ है। जया का कक्षा में लड़कों के बीच कौन-सा स्थान है ?
(1) निर्धारित नहीं किया जा सकता (2) 16
(3) 14 (4) 15 (5) इनमें से कोई नहीं

80. कक्षा की योग्यता सूची में हेमांग ऊपर से 16वाँ और नीचे से बारहवाँ है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?
(1) 29 (2) 28 (3) 27
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

81. कुछ बच्चों के समूह में प्रवीण बाएँ से 12वें स्थान पर है जबकि प्रभात दाएँ से छठे स्थान पर है। जब प्रभात दो स्थान बाएँ तरफ चला जाता है तथा प्रवीण दो स्थान दाएँ तरफ चला जाता है तो उनके बीच 6 बच्चे हो जाते हैं, तो इस समूह में कुल कितने बच्चे हैं ?
(1) 23 (2) 26 (3) 27
(4) 28 (5) इनमें से कोई नहीं

82. भारती आठवें वर्ग की छात्रा है। जब उसे VIII A में रखा जाता है, तो उसका क्रम आठवाँ होता है, परन्तु जब उसे VIII B में रखा जाता है, तो वह पाँचवें स्थान पर रहती है और जब VIII C में रखा जाता है, तो छठे स्थान पर चली जाती है। यदि तीनों उपवर्ग के विद्यार्थियों को एक साथ मिला दिया जाए तो भारती का स्थान कौन-सा होगा ?
(1) 15वाँ (2) 17वाँ (3) 18वाँ
(4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

83. लड़कों की एक पंक्ति में राजन दाईं ओर से 10वें स्थान पर है और सूरज बाईं ओर से 10वें स्थान पर। जब राजन और सूरज परस्पर स्थान बदल लेते हैं, तो सूरज का बाईं ओर से 27वाँ स्थान हो जाता है। बताएँ कि राजन का दायीं ओर से कौन-सा स्थान होगा ?
(1) 25वाँ (2) 29वाँ (3) 26वाँ
(4) 10वाँ (5) इनमें से कोई नहीं [MBA 2009]

84. 15 छात्रों की दो पंक्तियों में प्रत्येक बाएँ से दाएँ की ओर खड़ा है तथा एक-दूसरे के सामने देख रहा है। अरविन्द एवं अजित अपनी पंक्ति में 8वें स्थान पर हैं तथा एक दूसरे के सामने देख रहे हैं। यदि दोनों व्यक्ति अपने दाएँ पाँच स्थान आगे चले जाते हैं तो दोनों एक-दूसरे से कितने स्थान दूर हो जाएँगे ?
(1) 5 (2) 9 (3) 10
(4) 11 (5) इनमें से कोई नहीं

85. बच्चों की एक कतार में मोनालिसा का क्रमांक ऊपर से 27वाँ और नीचे से 51वाँ है। बताएँ कि इस कतार में कुल कितने बच्चे हैं ?
(1) 78 (2) 74 (3) 72
(4) 75 (5) 77 [RRB 2008]

www.classroomnotes.in

**86.** लड़कियों की एक कतार जो कि बायें से दायें व्यवस्थित की गयी है। इसमें प्रत्येक लड़की उत्तर की ओर मुख करके खड़ी है। सुषमा इस कतार में बायें से 15वें स्थान पर स्थित है। जब सुषमा अपने तीन स्थान दायें स्थानान्तरित हो जाती है तो वह रूबिना के बायीं ओर तीसरे स्थान पर आ जाती है जो कि दायें से 17वें स्थान पर स्थित है। बताएँ कि इस कतार में कुल कितनी लड़कियाँ खड़ी हैं?
(1) 37 (2) 36 (3) 38
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**87.** एक पंक्ति में चिकू, अमरूद, सीताफल और आम के 30 पौधे लगे हुए हैं। एक चिकू और एक अमरूद के पौधे के पश्चात् एक जोड़ा आम का पौधा लगाया है और आम के पौधों के जोड़ों के बाद चिकू और एक सीताफल का पौधा लगाया गया है। इसी प्रकार आगे भी पौधे लगाए गए हैं। यदि पंक्ति चिकू के पौधे से शुरू होती है तो पंक्ति के अंत में कौन-सा पौधा होगा?
(1) आम (2) चिकू (3) अमरूद
(4) सीताफल (5) इनमें से कोई नहीं

**88.** एक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों में से बबलू ऊपर से 16वें और नीचे से 29 वें क्रम पर है। छः बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया और पाँच परीक्षा में फेल हो गए। उस कक्षा में कितने बच्चे थे?
(1) 44 (2) 50 (3) 55
(4) 40 (5) इनमें से कोई नहीं *[MAT 2004]*

**89.** बच्चों की एक कतार में श्रीधर बायें से नौवाँ तथा रत्नाकर दायें से चौबीसवाँ था। यदि दोनों अपना स्थान आपस में बदल लें तो रत्नाकर दायें से पैंतीसवाँ हो जाता है। कतार में कुल कितने बच्चे थे?
(1) 42 (2) 43 (3) 44
(4) तथ्य अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**90.** एक कक्षा में शैलेश का स्थान ऊपर से 7वाँ तथा अनुपमा का स्थान नीचे से 18वाँ है। यदि सुरेश, अनुपमा से दो स्थान आगे है और शैलेश से 15 स्थान नीचे है, तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 40 (2) 41 (3) 42
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

**91.** लड़कियों की एक पंक्ति में सुनीता और रीमा क्रमशः दाहिनी ओर से 9वीं और बायीं ओर से 10वीं स्थिति क्रम पर हैं। अगर वे अपनी स्थितियाँ अदल-बदल लेती हैं। तो सुनीता और रीमा क्रमशः दाहिनी ओर से 17वीं और बायीं ओर से 18वीं स्थिति पर आ जाती हैं। पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?
(1) 25 (2) 27 (3) 26
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं *[MBA 2001]*

**92.** 37 लड़के एक कतार में स्कूल भवन की ओर मुँह करके खड़े हैं। आकाश कतार के बायें सिरे से पन्द्रहवाँ है। यदि उसे दायीं ओर छः स्थान हटा दिया जाए तो दायें से उसकी स्थिति क्या है?
(1) 18वाँ (2) 20वाँ (3) 16वाँ
(4) 21वाँ (5) इनमें से कोई नहीं *[MBA 2001]*

**93.** लड़कों की एक कतार में लड़के बायें से दायें उत्तर दिशा की ओर मुँह करके खड़े हैं। सुशान्त बायें से पन्द्रहवाँ है। जब उसे बायीं ओर तीन स्थान हटा देते हैं तो दायें से उसका स्थान अठारहवाँ हो जाता है। इस पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?
(1) 29 (2) 30 (3) 32
(4) 33 (5) इनमें से कोई नहीं

**94.** सुभाष लड़कों की एक पंक्ति में बायें से तेरहवाँ है। अरुण उन लड़कों की पंक्ति में दायीं ओर से दसवाँ है। यदि उस पंक्ति में पैंतीस लड़के हैं, तो सुभाष और अरुण के बीच कितने लड़के हैं?
(1) 11 (2) 13
(3) 10 (4) 12 *[SSC 2009]*

**95.** किसी वर्ग के विद्यार्थियों को दो ग्रुप A और B में विभाजित किया जाता है। यदि रेखा को ग्रुप A में रखा जाता है तो उसका स्थान ऊपर से 7वाँ है और यदि उसे ग्रुप B में रखा जाए तो वह ऊपर से 13वाँ रहती है। यदि दोनों ग्रुप के विद्यार्थियों को एक जगह ले आया जाये, तो इसमें रेखा का स्थान ऊपर से कौन-सा होगा?
(1) 19 (2) 20 (3) 21
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**96.** 64 विद्यार्थियों की किसी कक्षा में संदेश का क्रमांक ऊपर से 19वाँ है। बताएँ कि नीचे से उसका क्रमांक क्या होगा?
(1) 46वाँ (2) 45वाँ (3) 44वाँ
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**97.** अपने वर्ग में शिवानी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ परीक्षाओं में क्रमशः पाँचवाँ, सातवाँ, चौथा और आठवाँ स्थान प्राप्त होता है। यदि सभी परीक्षाओं के अंकों को कक्षा के सभी विद्यार्थियों को साथ लेते हुए विचार किया जायें, तो कुल विद्यार्थियों के बीच शिवानी का क्रमांक क्या होगा?
(1) 6 (2) 7 (3) 8
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**98.** A, B और C किसी स्कूल की नौंवी कक्षा के तीन प्रभाग हैं। नौंवी कक्षा में पढ़ने वाली भारती का स्थान जो कि A प्रभाग में है, त्रैमासिक परीक्षा में पाँचवाँ है। यदि उसे B प्रभाग में रखा जाए तो वहाँ उसका स्थान सातवाँ हो जाता है और यदि उसे C प्रभाग में रखा जायें, तो वहाँ उसका स्थान तीसरा हो जाता है। यदि तीनों प्रभागों के बच्चों को एक साथ रखा जाए तो उसका स्थान क्या होगा?
(1) 13वाँ (2) 14वाँ (3) 15वाँ
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

**99.** एक कक्षा में मोहित का स्थान ऊपर से 12वाँ है, जबकि राहुल का स्थान नीचे से 26वाँ है। यदि इन दोनों के बीच में 5 विद्यार्थी हों तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 45 (2) 44 (3) 42
(4) 41 (5) इनमें से कोई नहीं

**100.** एक वर्ग में संजय का क्रम ऊपर से पाँचवाँ और प्रकाश का क्रम नीचे से नौवाँ है। यदि दोनों के क्रम आपस में बदल दिया जाये तो प्रकाश का क्रम नीचे से 27वाँ हो जाता है। बताएँ कि इस कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
(1) 30 (2) 31 (3) 33
(4) आँकड़े अपर्याप्त (5) इनमें से कोई नहीं

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (2) | 3. (2) | 4. (4) | 5. (2) | 6. (5) |
| 7. (4) | 8. (5) | 9. (3) | 10. (1) | 11. (5) | 12. (2) |
| 13. (4) | 14. (1) | 15. (4) | 16. (2) | 17. (5) | 18. (3) |
| 19. (1) | 20. (1) | 21. (1) | 22. (1) | 23. (5) | 24. (4) |
| 25. (5) | 26. (4) | 27. (2) | 28. (4) | 29. (1) | 30. (3) |
| 31. (3) | 32. (3) | 33. (3) | 34. (2) | 35. (2) | 36. (1) |
| 37. (4) | 38. (4) | 39. (4) | 40. (3) | 41. (5) | 42. (1) |
| 43. (5) | 44. (1) | 45. (2) | 46. (1) | 47. (1) | 48. (2) |
| 49. (2) | 50. (2) | 51. (3) | 52. (5) | 53. (3) | 54. (2) |
| 55. (4) | 56. (4) | 57. (2) | 58. (1) | 59. (4) | 60. (3) |
| 61. (4) | 62. (5) | 63. (4) | 64. (1) | 65. (1) | 66. (1) |
| 67. (2) | 68. (2) | 69. (3) | 70. (4) | 71. (1) | 72. (1) |
| 73. (2) | 74. (4) | 75. (5) | 76. (3) | 77. (2) | 78. (2) |
| 79. (4) | 80. (3) | 81. (4) | 82. (2) | 83. (5) | 84. (3) |
| 85. (5) | 86. (1) | 87. (4) | 88. (3) | 89. (2) | 90. (2) |
| 91. (3) | 92. (5) | 93. (1) | 94. (4) | 95. (1) | 96. (1) |
| 97. (5) | 98. (1) | 99. (5) | 100. (2) | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर


**1.** **(3)** पंक्ति में छात्रों की संख्या = 18 + 18 – 1 = 35
यहाँ, इसलिए 1 को घटाया गया क्योंकि छात्रों की संख्याओं को जोड़ने पर तारक का स्थान दो बार गिना जाता।

**2.** **(2)**


अतः पंक्ति में लोगों की संख्या = 8 + 9 + 7 = 24

**3.** **(2)** प्रश्नानुसार,


अभीष्ट लड़कों की संख्या = A + 6 + B + 3 + C + 12
= 1 + 6 + 1 + 3 + 1 + 12 = 24

**4.** **(4)** प्रश्नानुसार,


पलक का स्थान दायें से = 74 – (27 + 7) + 1 = 74 – 34 + 1 = 41

**5.** **(2)** नींबू के वृक्ष का बायें छोर से स्थान = 45 – 20 + 1 = 26

**6.** **(5)** यहाँ आगे से 15वाँ और पीछे से 13वाँ स्थान common है, अतः इसे सिर्फ एक ही बार गिना जायेगा। (यानि उसके योग में से एक घटेगा) अतः कुल लड़कों की संख्या = 15 + 13 – 1 = 27

**7.** **(4)** प्रिया दोनों छोर से 11वें स्थान पर है।
कतार में कुल लड़कियों की संख्या = 11 + 11 – 1 = 21
अतः कतार में कुल 21 लड़कियाँ हैं।

**8.** **(5)** प्रश्नानुसार आयशा 21वें स्थान पर है। अर्थात् आयशा के नीचे 30 विद्यार्थी हैं। इस प्रकार जब हम नीचे या अंतिम से आयशा के स्थान पर पहुँचेंगे तो हमें 30 विद्यार्थी के बाद आयशा प्राप्त होगी। यानी कि (30 + आयशा = 30 + 1 = 31)
आयशा हमें नीचे से या अंतिम से 31वें स्थान पर मिलेगी।
अतः आयशा का नीचे से स्थान 31वाँ होगा।

**9.** **(3)** नीचे से रतन का क्रमांक = कुल विद्यार्थी – रतन का क्रमांक + 1
⇒ 31 – 17 + 1 = 15
अतः रतन नीचे से यानी अंतिम से 15वें स्थान पर होगा।

**10.** **(1)** आयुष्मान का क्रमांक = कुल विद्यार्थियों की संख्या – आयुष्मान का क्रमांक + 1
⇒ 40 – 19 + 1 = 22
अतः आयुष्मान का क्रमांक अंतिम से 22वाँ है।

**11.** **(5)** कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या = ऊपर से मनोज का स्थान + नीचे से मनोज का स्थान – 1
⇒ 8 + 28 – 1 = 35

**12.** **(2)** कुल विद्यार्थियों की संख्या = आशुतोष का ऊपर से क्रमांक + आशुतोष का नीचे से क्रमांक – 1
⇒ 15 + 21 – 1 = 35

**13.** **(4)** मंजु का अंत से क्रम = कुल छात्राओं की संख्या – मंजु का ऊपर से क्रम + 1
⇒ 42 – 16 + 1 = 27
अतः मंजु का क्रमांक अंतिम से 27वाँ है।

**14.** **(1)** कक्षा में छात्रों की संख्या = 5 + 5 – 1 = 9
अतः पंक्ति में कुल 9 छात्र हैं।

**15.** **(4)** नीचे से क्रम = कुछ छात्राओं की संख्या – ऊपर से क्रम + 1
⇒ 38 – 18 + 1 = 21
अतः कक्षा में श्यामली का क्रम नीचे से 21वाँ है।

**16.** **(2)** कक्षा में कुल छात्राओं की संख्या = अंजली का ऊपर से क्रमांक + अंजली का नीचे से क्रमांक – 1
⇒ 14 + 23 – 1 = 36
अतः कक्षा में कुल 36 छात्राएँ हैं।

**17.** **(5)** विजय का नीचे से क्रम = कुल बच्चों की संख्या – विजय का ऊपर से क्रम + 1
⇒ 83 – 14 + 1 = 70

**18.** **(3)** कुल विद्यार्थियों की संख्या = सत्यम का ऊपर से स्थान + सत्यम का नीचे से स्थान – 1
⇒ 9 + 31 – 1 = 39
अतः वर्ग में कुल 39 विद्यार्थी हैं।

**19.** **(1)** कुल बच्चों की संख्या = 27 + 51 – 1 = 77
कतार में कुल 77 बच्चे हैं।

**20.** **(1)** छात्रों की संख्या = (16 + 15) – 1 = 30

**21.** **(1)** अंतिम से राजु का क्रमांक = कुल विद्यार्थियों की संख्या – राजु का प्रारंभ से क्रमांक + 1
= 80 – 19 + 1 = 62

**22.** **(1)** विद्यार्थियों की संख्या = 10 + 9 – 1 = 18

**23.** **(5)** अमृता का स्थान नीचे से (56 – 9 + 1) = 48

**24.** **(4)** आँकड़े अधूरे हैं। प्रश्न में यह नहीं दिया हुआ है कि रोहन की स्थिति मोहन से ऊपर है या नीचे।

**25.** **(5)** अजय → 12वाँ | | | | | | | 18वाँ ← प्रसाद
कुल छात्रों की संख्या = 12 + 7 + 18 = 37

**26.** **(4)** प्रश्नानुसार, समीर का स्थान पहला है।
समीर→ | | | | ←सुरेश
तो सुरेश का स्थान = (40 + 1) – (1 + 5) = 35वाँ

**27.** **(2)** आलोक का स्थान ⇒ (40 + 1) – (12 + 8)
⇒ 41 – 20 = 21वाँ

**28.** **(4)** कक्षा में कुल विद्यार्थी = 20 + 10 = 30
कक्षा में 18वाँ स्थान जया का है तथा लड़की में 4था।
अतः 3 लड़की उससे आगे है।
जया का लड़कों के बीच का स्थान = 18 – 3 = 15वाँ

> **Note :** 18 – 4 + 1 = 15
> ∴ जया का स्थान = 15वाँ

**29.** **(1)** दायीं ओर से सोमन की स्थिति = (40 – 30) + 1
⇒ 10 + 1 = 11वाँ
दायीं ओर से कैलाश की स्थिति = 11 + 6 = 17वाँ

**30.** **(3)** सुशील का नीचे से स्थान = 50 – 28 + 1 = 23वाँ
∴ सतीश का नीचे से स्थान = 23 + 15 = 38वाँ


**31.** **(3)** 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21
(13 ↓ शिखा, 16 ↓ नितिन)
चूँकि नितिन शिखा के दाएँ तीसरा है।
∴ नितिन का स्थान बाएँ से ⇒ 21 – 6 + 1 = 16

32. (3) अमित का स्थान पाँचवाँ है यानि 4 लड़के उससे आगे है तथा सुमन का स्थान तीसरा है यानि दो लड़कियाँ उससे आगे है तथा सुमन अमित से एक स्थान पीछे है। अतः कक्षा में अमित से 6 लड़के तथा लड़कियाँ आगे होंगे। इस प्रकार कक्षा में अमित का स्थान 7वाँ होगा।

33. (3) लड़कियों की पंक्ति में कमल का स्थान 11वाँ और सुनिता का स्थान 22वाँ है, जबकि नीला सुनिता से 3 स्थान आगे है। अतः नीला का स्थान 19वाँ है।


अतः इस पंक्ति में कमल और नीला के बीच कुल लड़कियों की संख्या = 19 – 11 – 1 = 7

34. (2)




शुरु से अरुण का स्थान = 25 + 1 – 17 = 9वाँ

35. (2)




अतः कुल बच्चों की संख्या = (15 + 15) – 1 = 29


36. (1) बाएँ से D का स्थान = 25 – (1 + 8 + 10) + 1 = 7वाँ

37. (4) आँकड़े अधूरे हैं क्योंकि यह अस्पष्ट नहीं है कि B, D के दायें है या बाँयें।

38. (4) प्रश्न में यह स्पष्ट नहीं है कि पंक्ति के प्रारंभ में कौन-सा छात्र है— दिलिप या कोई अन्य।


39. (4) प्रश्न में यह स्पष्ट नहीं है कि बीजु और संजय का क्या रिश्ता है। अतः ज्ञात नहीं कर सकते हैं।

40. (3)




कुल विद्यार्थियों की संख्या = 12 + 3 + 22 = 37


41. (5)




अतः बच्चों की संख्या = 10 + 3 + 1 + 1 + 8 = 23

42. (1) प्रश्न में स्पष्ट नहीं है कि अविनाश विजय के दायाँ है या बायाँ।

43. (5)





कुल 26 छात्र हैं इसका अर्थ है विमल एवं कमल के बीच छात्रों की संख्या = 26 – (7 + 13) = 6

∴ विमल का दाएँ से स्थान = 13 + 6 + 1 = 20वाँ

44. (1) पंकज के नीचे स्थित छात्रों की संख्या = 50 – 9 = 41

∴ नीचे से पंकज का स्थान = 41 + 1 = 42वाँ

45. (2)





नारायण तथा दिवाकर के बीच छात्रों की संख्या

⇒ 20 – 14 – 1 = 5

**Note:** *यहाँ 1 इसलिए घटाया गया क्योंकि 20वाँ स्थान दिवाकर वाला हो जाता है और हमें दोनों के बीच का स्थान ज्ञात करना है।*

∴ कुल छात्रों की संख्या = 14 + 5 + 12 = 31

46. (1)




आरेख से स्पष्ट है कि कुल 19 लड़के हैं। आरेख में $A_1$, A के नये स्थान को दर्शाता है। परंतु बिना आरेख बनाये इसे गिनने का तरीका यह है कि बाएँ से A का स्थान = 9 + 4 = 13वाँ है। यही स्थान दाएँ से सातवाँ है। अर्थात यह स्थान दाएँ तथा बाएँ दोनों ओर से common है। अतः जैसा कि पहले बताया जा चुका है इसकी दुबारा गिनती न हो जाये इसलिए हम कुल योग में से 1 घटा लेते हैं।

अर्थात अभीष्ट संख्या = 13 + 7 – 1 = 19

47. (1) शमशेर का बाएँ से नया स्थान हुआ 17 – 5 = 12वाँ

12वाँ के बाद उसके दाएँ लोगों की संख्या = 24 – 12 = 12

अतः दाएँ से उसका स्थान 12 + 1 = 13वाँ

48. (2)




अतः पंक्ति में कुल संख्या = 8 + 4 + 9 = 21

49. (2) रमेश और महेश के बीच छात्रों की संख्या

⇒ (20 + 14) – (30 + 2) = 2

50. (2) प्रश्नानुसार पूजा की कक्षा में स्थिति

⇒ (16 – 9) + 1 = 8वीं

51. (3)




अतः लड़कों की कुल संख्या

⇒ 28


52. (5) लड़कों की कुल संख्या = 20 + 12 – 1

⇒ 31

प्रताप का बाएँ छोर से स्थान ⇒ 31 – 15 + 1

⇒ 17


53. (3)




अतः बच्चों की संख्या ⇒ 8 + 4 + 2 + 16

⇒ 30

54. (2)




अतः बच्चों की संख्या = 15 + 2 + 11 = 28

55. (4) आँकड़े अधूरे हैं।


56. (4) नितिन का बाईं ओर से वास्तविक स्थान

⇒ 40 – 30 + 1

⇒ 11वाँ

www.classroomnotes.in

**57. (2)**




अतः राधिका का नीचे से स्थान

⇒ 36 – 9 + 1

⇒ 28वाँ

**58. (1)** पंक्ति में अशोक तक बच्चों की संख्या बाएँ से 28वाँ है। अतः रोबिन से पहले बैठे हुए बच्चों की संख्या

⇒ 28 – (1 + 11 + 1 + 4 + 1)

⇒ 28 – 18


⇒ 10

अतः बाएँ से रोबिन की स्थिति

⇒ 10 + 1 = [11]

**59. (4)** प्रश्न अधूरा है क्योंकि R, M के बाएँ है या दाएँ स्पष्ट नहीं है।

**60. (3)**





अतः पंक्ति में बच्चों की कुल संख्या

⇒ 16 + 4 + 4 + 16

⇒ [40]

**61. (4)**




अतः सुदीप के बाईं ओर लड़कों की संख्या

⇒ 40 – (28 + 6)

⇒ 40 – 34 = 6

∴ बाएँ छोर से विजय का स्थान


⇒ 6 + 11 + 1 ⇒ 18वाँ

**62. (5)** B और R के बीच बच्चों की संख्या

⇒ (18 – 10) – 1


⇒ [7]

**63. (4)**




अतः श्वेता का दाएँ छोर से नवाँ स्थान है।

**64. (1)**





∴ अनुज और जीवन के बीच छात्रों की संख्या

⇒ 48 – (19 + 12)

⇒ 17

**65. (1)**





अतः T तथा R के बीच छात्रों की संख्या

⇒ 20 – (4 + 5)

⇒ 20 – 9

= 11

**66. (1)**




∴ संजय और राकेश के बीच छात्रों की संख्या

⇒ 48 – (19 + 12)


⇒ 17

**67. (2)** पंक्ति में बच्चों की कुल संख्या

⇒ 15 + 4 + 8 – 1

⇒ 26

**68. (2)**




W और R के बीच लड़कों की संख्या

⇒ 30 – (10 + 4)

⇒ 16

**69. (3)** प्रश्नानुसार आलिया दोनों छोर से 11वें स्थान पर है। अतः कतार में कुल लड़कियों की संख्या

⇒ 11 + 11 – 1

⇒ 21

**70. (4)** प्रश्नानुसार कतार में कुल लड़कियाँ

⇒ शताब्दी का प्रारंभिक स्थान + जिया की परिवर्तित स्थान – 1

⇒ 9 + 11 – 1

⇒ 19

**71. (1)** प्रश्नानुसार किरण और सोहन के मध्य विद्यार्थियों की संख्या

⇒ 35 – (7 + 9) ⇒ 19 (मोहन)

⇒ किरण की स्थिति मोहन से (19 – 9) = 10वाँ

**72. (1)** प्रश्नानुसार कुल बच्चों की संख्या

⇒ 9 + 38 –1

⇒ 46

**73. (2)** प्रश्नानुसार स्थान परिवर्तन के बाद दाईं ओर से संदेश की स्थिति

⇒ 8 + 21 – 12

⇒ 17

**74. (4)** प्रश्नानुसार प्रत्येक तीसरे स्थान पर छात्रा है।

∴ छात्राओं की संख्या = $\frac{33}{3}$ = 11

18 छात्रों में, सुधा का स्थान छात्राओं में $\frac{18}{3}$ = 6ठा होगा।

∴ सुधा का नीचे से छात्राओं के मध्य स्थान

⇒ 11 – 6 + 1

⇒ 6

**75. (5)** प्रश्नानुसार सुमन का नीचे से स्थान

⇒ 15 + 21 – 7

⇒ 29

www.classroomnotes.in

**76. (3)** प्रश्नानुसार पंक्ति में कुल बच्चों की संख्या

⇒ 15 + 7 − 1

⇒ 21

**77. (2)** प्रश्नानुसार पंक्ति में कुल बच्चों की संख्या

⇒ 16 + 16 − 1

⇒ 31

**78. (2)** नीचे से उसका क्रमांक

⇒ 80 − 43 + 1

⇒ 38

**79. (4)**





अतः जया का लड़कों के बीच कक्षा में 15वाँ स्थान है।

**80. (3)** प्रश्नानुसार कक्षा में कुल छात्रों की संख्या

⇒ 16 + 12 − 1

⇒ 27

**81. (4)**




अतः कुल बच्चों की संख्या

⇒ 14 + 6 + 8

⇒ 28

**82. (2)** VIII A में भारती का स्थान ⇒ 8

VIII A में भारती के आगे कुल विद्यार्थी ⇒ 7

VIII B में भारती का स्थान ⇒ 5

VIII B में भारती के आगे कुल विद्यार्थी ⇒ 4

VIII C में भारती का स्थान ⇒ 6

VIII C में भारती के आगे कुल विद्यार्थी ⇒ 5

अतः तीनों उपवर्गों के विद्यार्थियों को एक साथ मिला देने पर भारती का स्थान

⇒ 7 + 4 + 5 + 1

⇒ 17

**83. (5)** प्रश्नानुसार कक्षा में कुल बच्चों की संख्या


⇒ 10 + 27 − 1

⇒ 36

अतः स्थान परिवर्तित करने के बाद राजन का दायीं ओर से स्थिति

⇒ 36 − 10 + 1 = 27

**84. (3)**




अतः दोनों की एक दूसरे से दूरी

= 13 − 3 = 10

**85. (5)** प्रश्नानुसार कतार में कुल बच्चों की संख्या

⇒ 27 + 51 − 1

⇒ 77

**86. (1)**




अतः कुल लड़कियों की संख्या

⇒ 15 + 3 + 2 + 17

⇒ 37

**87. (4)** पौधों की पंक्ति में स्थिति निम्न प्रकार हैं—

| पौधा | पौधों की संख्या |
|---|---|
| चिकू | 1 |
| अमरूद | 2 |
| आम | 3 |
| आम | 4 |
| चिकू | 5 |
| सीताफल | 6 |

कुल पौधों की संख्या = 30

∴ 6ठा पौधा सीताफल है

∴ अंतिम पौधा $= \frac{30}{6} = 5$ (सीताफल)

**88. (3)** परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों की संख्या

(16 + 29 − 1) = 44

परीक्षा में भाग नहीं लेने वाले बच्चों की संख्या = 6

परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले बच्चों की संख्या = 5

इस प्रकार बच्चों की कुल संख्या

⇒ 44 + 6 + 5

⇒ 55

**89. (2)** बच्चों की कुल संख्या (रत्नाकर का स्थान दायें एवं बायें से −1)

⇒ 9 + 35 − 1

⇒ 43

**90. (2)** प्रश्नानुसार कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या

⇒ 7 + 18 + 2 + 15 − 1

⇒ 41

**91. (3)** कुल लड़कियों की संख्या

⇒ रीमा का बायीं ओर से प्रारंभिक स्थान + सुनीता का दायीं ओर से परिवर्तित स्थान −1

⇒ 10 + 17 − 1

⇒ 26

**92. (5)** कुल लड़कों की संख्या = 37

आकाश का बाएँ से क्रमांक = 15

∴ 6 स्थान दायीं ओर स्थानान्तरित कर देने पर आकाश का बाएँ से नया क्रमांक


⇒ 15 + 6 = 21

अतः नये क्रमांक के आधार पर आकाश का दायें से क्रमांक

⇒ 37 − 20 = 17

www.classroomnotes.in

**93. (1)**




अतः लड़कों की संख्या ⇒ (15 − 3) + 18 − 1

⇒ 12 + 18 − 1

⇒ 29

**94. (4)**




अतः इनके बीच लड़कों की संख्या

⇒ 35 − (13 + 10)

⇒ 12

**95. (1)** ग्रुप A में ऊपर से रेखा का स्थान ⇒ 7वाँ

ग्रुप A में रेखा के पहले स्थित विद्यार्थियों की संख्या = 6

ग्रुप B में ऊपर से रेखा का स्थान = 13वाँ

ग्रुप B में रेखा के पहले स्थित विद्यार्थियों की संख्या = 12

अतः दोनों ग्रुपों को एक साथ संयोजित करने पर रेखा का ऊपर से स्थान 6 + 12 + रेखा

⇒ 6 + 12 + 1

⇒ 19

**96. (1)** कक्षा में संदेश का क्रमांक नीचे से

⇒ 64 − 19 + 1

⇒ 46

**97. (5)** प्रथम परीक्षा में शिवानी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 4

द्वितीय परीक्षा में शिवानी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 6

तृतीय परीक्षा में शिवानी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 3

चतुर्थ परीक्षा में शिवानी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 7

अतः कुल परीक्षाओं में शिवानी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या

4 + 6 + 3 + 7 = 20

अतः कुल विद्यार्थियों के बीच शिवानी का क्रमांक

⇒ 20 + शिवानी

⇒ 21

**98. (1)** प्रभाग A में भारती से ऊपर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या = 4

प्रभाग B में भारती से ऊपर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या = 6

प्रभाग C में भारती से ऊपर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या = 2

अतः तीनों प्रभागों को एक साथ मिलाने पर भारती से ऊपर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की कुल संख्या

⇒ 4 + 6 + 2

⇒ 12

अतः कुल बच्चों के बीच भारती का क्रमांक

⇒ 12 + भारती

⇒ 12 + 1

⇒ 13

**99. (5)** प्रश्नानुसार कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या

⇒ 12 + 5 + 26

⇒ 43

**100. (2)** कुल विद्यार्थियों की संख्या

प्रकाश का नीचे से परिवर्तित क्रमांक + संजय का मूल क्रमांक −1

⇒ 27 + 5 − 1

⇒ 31

## अभ्यास–2

### TYPE II

**1.** वरुण जयेश से बड़ा है। दिनेश हरेश से छोटा है। सुरेश वरुण से बड़ा है, किंतु दिनेश से छोटा है। उनमें सबसे बड़ा कौन है ?

(1) जयेश (2) हरेश (3) दिनेश
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

*[Syndicate Bank Clerk, 2007]*

**2.** P, Q, R, S और T में S, R से बड़ा है लेकिन T जितना बड़ा नहीं है, Q सिर्फ P से बड़ा है। उनमें से सबसे छोटा कौन है ?

(1) P (2) Q (3) R
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

*[Dena Bank Clerk 2007]*

**3.** उत्तर दिशा की ओर उन्मुख लड़कों के एक कतार में अमित, अशोक के बाएँ पाचवां है। आलोक, अमित के दाएँ तीसरा है। विलास, अशोक के बाएँ तीसरा है। निम्नलिखित में से कौन विलास की स्थिति को दर्शाता है ?

(1) अमित के तुरंत दायीं आर (2) आलोक के तुरंत बायीं ओर
(3) आलोक के तुरंत दायीं ओर (4) अमित के दायीं ओर तीसरा
(5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank of India Clerk 2007]*

**4.** उत्तर दिशा की ओर मुँह किये A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में बैठे हैं। A पड़ोसी है B और D का, E पड़ोसी है C और F का, D पड़ोसी है C का तब A और E के मध्य कितने सदस्य हैं ?

(1) दो (2) एक (3) तीन
(4) चार (5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank of India Clerk 2007]*

**5.** पाँच मित्रों में से महेश, करण से लंबा है। परंतु यश से नहीं, ऋतिक यश से लंबा है परंतु अभिषेक से नहीं। यदि इनको बढती हुई लंबाई के क्रम में खड़ा किया जाए, तो पंक्ति में पहले स्थान पर कौन होगा ?

(1) अभिषेक (2) यश (3) करण
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं

*[Union Bank of India Clerk 2008]*

**6.** M, N, O, P और Q में (i) N केवल P से लंबा है और (ii) में O का क्रम सबसे लंबे के बाद दूसरा है। इनमें सबसे लंबे का पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से किस/किन कथन/कथनों का डाटा पर्याप्त है ?

(A) M, N से लंबा है।
(B) M, यद्यपि N से लंबा है, Q जितना लंबा नहीं है।
(C) Q, N से लंबा है।
(D) O, M और N दोनों से लंबा है।

www.classroomnotes.in

(1) केवल D
(2) या तो केवल B या केवल D
(3) केवल B या केवल A और C मिलकर
(4) B और D मिलकर
(5) इनमें से कोई नहीं [Union Bank of India Clerk 2008]

7. सुनील, अनिल, नरेश, मंगेश और हरि के बीच अनिल दूसरा सबसे नाटा है और नरेश से लंबा नहीं है। सुनील सबसे लंबा नहीं है परंतु नरेश से लंबा है। हरि मंगेश से नाटा है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(1) हरि सबसे नाटा नहीं है (2) मंगेश सबसे लंबा है
(3) अनिल मंगेश से नाटा है (4) सुनील मंगेश से नाटा है
(5) केवल 2, 3 और 4 असत्य हैं [Bank of Maharashtra Clerk 2007]

8. पाँच व्यक्ति P, Q, R, S तथा T उत्तर की ओर मुँह किये हुए एक पंक्ति में बैठे हैं। P, S के बगल में है किंतु T के नहीं। Q, R के बगल में बैठा है जो कि सबसे बाएँ कोने में है। कौन S के बाएँ बैठा है अगर T, Q के बगल में नहीं बैठा हो तो?
(1) P (2) Q (3) R
(4) T (5) पता नहीं कर सकते
[Bank of Baroda Clerk 2008]

9. पाँच लोगों P, Q, R, S तथा T में Q सिर्फ T से छोटा है। P सिर्फ S से लंबा है। यदि उन्हें लंबाई के अवरोही क्रम में सजाया जाये तो शुरू से तीसरा कौन होगा?
(1) R (2) S (3) T
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं
[Indian Overseas Bank Clerk 2009]

10. पाँच बच्चे T, Q, H, J तथा F अलग-अलग लंबाई के हैं। T केवल J से लंबा है तथा H केवल F से नाटा है, तो लंबाई क्रम में तीसरा कौन है?
(1) F (2) Q (3) H
(4) J (5) T [Canara Bank Clerk 2009]

11. A, B, C, D तथा E का वजन अलग-अलग है इसमें D, A तथा C से भारी है, E हल्का है A से, तो सबसे हल्का कौन है?
(1) E (2) C (3) B
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं
[Panjab National Bank Clerk 2009]

12. A, B, C, D और E में से प्रत्येक अलग-अलग अंक प्राप्त करता है। B केवल E से कम अंक लाता है तथा A केवल C से अधिक अंक प्राप्त करता है। उनमें सबसे अधिक अंक कौन प्राप्त करता है?
(1) B (2) E (3) A
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं
[Panjab National Bank Clerk 2009]

13. M, D, R, P और Q में से प्रत्येक का वजन अलग-अलग है। R हल्का है M से तथा P हल्का है Q और D दोनों से। इनमें से दूसरा सबसे हल्का कौन है?
(1) P (2) Q (3) D
(4) Q या D (5) इनमें से कोई नहीं
[Oriental Bank of Commerce Clerk 2009]

14. A, B, C, D और E में से प्रत्येक के पास अलग-अलग धनराशि है। C के पास केवल E से अधिक धन है। B के पास D से अधिक किंतु A से कम धन है। इनमें से किसके पास सबसे अधिक धन है?
(1) B (2) A (3) D
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं
[Union Bank Clerk 2010]

15. किसी जाँच परीक्षण में A, B, C, D और E में से प्रत्येक को भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त होते हैं। C को D से अधिक अंक प्राप्त होते हैं। परंतु उतने नहीं जितने कि E को। A, B से कम अंक प्राप्त करता है। तीसरा सर्वाधिक अंक कौन प्राप्त करता है?
(1) B (2) A (3) C
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं
[Vijaya Bank Clerk 2010]

16. Q लंबा है P से, H उतना लंबा नहीं है जितना कि P है। J और R छोटा है H से। उनमें सबसे लंबा कौन है?
(1) P (2) H (3) Q
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं
[Panjab & Sind Bank Clerk 2010]

17. J, K, L, M और N में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। M केवल J से छोटा है। K उतना ऊँचा नहीं है जितना कि N और N छोटा है L से। इनमें से सबसे छोटा कौन है?
(1) J (2) N (3) K
(4) L (5) तय नहीं कर सकते हैं
[Syndicate Bank Clerk 2010]

18. T, S, V और W चार थैलों का वजन अलग-अलग है। थैला T हल्का है S से, V हल्का है W से और W हल्का है T से, इन चारों थैलों में सबसे हल्का कौन है?
(1) S (2) W (3) T
(4) V (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
[Canara Bank Clerk 2010]

19. M, T, R और P में M केवल P से बड़ा है, T, R से बड़ा है। इनमें सबसे बड़ा कौन है?
(1) T (2) R (3) T या R
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं [SBI Associate 2008]

20. मोहन, प्रवीर से बड़ा है, सुरेश, प्रवीर से छोटा है। मिहिर, सुरेश से बड़ा है परंतु प्रवीर से छोटा है। उन चारों में से सबसे छोटा कौन है?
(1) प्रवीर (2) मिहिर (3) मोहन
(4) सुरेश (5) आँकड़े अपर्याप्त हैं
[Vijaya Bank Clerk 2008]

21. J, D, L, H और F प्रत्येक स्टेशन जा रहा है। इनमें से हर एक अलग समय पर स्टेशन पहुँचता है। L केवल J के बाद और D केवल F से पहले पहुँचता है। इनमें से कौन तीसरा पहुँचता है?
(1) F (2) L (3) D
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं
[SBI Clerk 2008]

22. M, N, T, R और D में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। T, D से लंबा किंतु M से नाटा है। R, N से लंबा किंतु D से नाटा है। इनमें सबसे लंबा कौन है?
(1) D (2) T (3) M
(4) R (5) N [SBI 2008]

23. रवि का सबसे बड़ा भाई अविनाश है। अजय से छोटा रवि है। रवि और अजय भाई नहीं है। निम्नलिखित में कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?
(1) अविनाश छोटा है अजय से (2) अविनाश से अजय छोटा है।
(3) अजय छोटा है रवि से (4) रवि अजय से लंबा नहीं है
(5) आँकड़े अपर्याप्त हैं

24. A, B से लंबा है। B, C से लंबा है। D, B और C से लंबा है। इनमें सबसे लंबा कौन है?
(1) A (2) B (3) D
(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता है (5) इनमें से कोई नहीं

www.classroomnotes.in

25. एक प्रतियोगिता में पाँच लड़कों ने भाग लिया। सोहन का स्थान सुरेश से नीचे था। विजय का स्थान दीपक से ऊपर था। कुणाल का स्थान सोहन और विजय के बीच में था। बताएँ कि इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान किसे मिला ?
(1) कुणाल (2) दीपक (3) विजय
(4) सुरेश (5) इनमें से कोई नहीं

26. सौरभ, नीरज से बड़ा है, लेकिन विनोद से छोटा। मनु, विनोद से बड़ा है, लेकिन शिवम से छोटा। इनमें सबसे बड़ा कौन है ?
(1) सौरभ (2) नीरज (3) शिवम
(4) मनु (5) इनमें से कोई नहीं

27. राम, श्याम से बड़ा है, राम, सुरेश से छोटा है। नरेश, राम से बड़ा लेकिन सुरेश से छोटा है, तो सबसे छोटा कौन है ?
(1) राम (2) सुरेश (3) नरेश
(4) श्याम (5) इनमें से कोई नहीं

28. कविता, कृष्णा से छोटी है तथा कृष्णा, मीना से छोटी है। सीमा, कविता से छोटी है, तो सबसे छोटी कौन है ?
(1) कविता (2) कृष्णा (3) मीना
(4) सीमा (5) इनमें से कोई नहीं

29. सपना लता से छोटी है तथा लता, कमला से छोटी है। महेन्द्र, सपना से बड़ा है, लेकिन लता से छोटा है, तो बड़ा / बड़ी कौन है ?
(1) सपना (2) लता (3) कमला
(4) महेन्द्र (5) इनमें से कोई नहीं

30. अनिल, आनंद से भारी तथा आनंद, विजय से भारी है। रमण, अनिल से भारी है, तो सबसे भारी कौन है ?
(1) अनिल (2) आनंद (3) विजय
(4) रमण (5) इनमें से कोई नहीं

31. A, B, C, D और E पाँच स्टील के बॉक्स हैं, E केवल A से भारी है, C, A और E से भारी है, और B से कम भारी है, जो सबसे भारी नहीं है। निम्न में से कौन-सा बॉक्स सबसे भारी है ?
(1) A (2) B (3) C
(4) D (5) E *[Dena Bank F.O 2008]*

32. विपुल, हंस से लंबा है। हंस, आलोक से लंबा है। आलोक आनंद से लंबा है। यदि इनमें सबसे लंबा महेश हो, तो सबसे नाटा कौन है ?
(1) आलोक (2) विपुल (3) हंस
(4) आनंद (5) इनमें से कोई नहीं

33. आनंद, सूरज से लंबा है। सूरज, अशोक से लंबा है तथा अशोक, कोमल से लंबा है, तो सबसे लंबा कौन है ?
(1) आनंद (2) सूरज (3) अशोक
(4) कोमल (5) इनमें से कोई नहीं

34. गोपाल, मोहन से बड़ा है, परंतु राम से छोटा है। मोहन, सोहन से बड़ा है, परन्तु राम से छोटा है, तो सबसे बड़ा कौन है ?
(1) मोहन (2) सोहन (3) राम
(4) गोपाल (5) इनमें से कोई नहीं

35. अक्षय निखिल से भारी है, परन्तु नितिन से हल्का। यदि निखिल, सुमन से भारी है, तो सबसे भारी कौन है ?
(1) अक्षय (2) निखिल (3) नितिन
(4) सुमन (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (36–38) :** प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित हैं—
(i) पाँच लड़कियों का एक समूह है।
(ii) कामिनी ऊँचाई में सबसे अधिक से दूसरी है, परन्तु रूपा से छोटी है।
(iii) पूजा, मोनिका से लंबी है। परन्तु आयु में छोटी है।
(iv) रूपा और मोनिका समान आयु की है, परन्तु रूपा उनमें सबसे लंबी है।
(v) नीलम, पूजा से लंबी है और रूपा से बड़ी है।

36. यदि इनको ऊँचाई के बढ़ते क्रम में रखा जाय, तो तीसरी स्थिति में कौन होगी ?
(1) मोनिका (2) मोनिका या रूपा (3) रूपा
(4) इनमें से कोई नहीं

37. यदि इनको आयु के घटते क्रम में रखा जाय, तो चौथे क्रम पर कौन होगी ?
(1) मोनिका या रूपा (2) मोनिका (3) कामिनी
(4) इनमें से कोई नहीं

38. 'समूह में सबसे कम आयु किसकी है' इसका उत्तर ज्ञात करने के लिए कौन-सा कथन अनावश्यक है ?
(1) सिर्फ (i) (2) सिर्फ (v) (3) सिर्फ (ii)
(4) या तो (i) या (iv)

39. सीमा लंबी है रीमा से तथा रीमा लंबी है रूही से, परन्तु रूही नाटी है, सोनी से। सोनी नाटी है रीमा से, तो सबसे नाटी कौन है ?
(1) रीमा (2) रूही (3) सोनी
(4) सीमा (5) इनमें से कोई नहीं

40. चार मित्रों A, B, C तथा D में सबसे हल्का B है। C, D से भारी लेकिन A से हल्का, तो सबसे भारी कौन है ?
(1) A (2) B (3) C
(4) D *[SSC 2003]*

41. सात सदस्य एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। A, D और F के बीच में, C, F और G के बीच में G, C और E के बीच में तथा D, B और A के बीच में बैठे हैं। ठीक बीच में बैठे हुए व्यक्ति को बताइए—
(1) D (2) C (3) A
(4) F *[SSC 2008]*

42. M, N, P, R और T में से प्रत्येक को एक परीक्षा में अलग-अलग अंक मिले हैं। R को M और T से अधिक अंक मिले हैं। N को P से कम अंक मिले हैं। इनमें से किसे तीसरे क्रमांक पर सबसे अधिक अंक मिले हैं ?
(1) N (2) R (3) M
(4) T (5) डाटा अपर्याप्त है
*[Union Commerce Bank PO 2009]*

43. सुमा, उमा से छोटी है। नेहा, सुमा से लंबी है, सुधा, उमा से लंबी है, लेकिन हेमा से छोटी है, उमा, नेहा से लंबी है। उनमें सबसे लंबी कौन है ?
(1) हेमा (2) उमा (3) सुधा
(4) नेहा (5) इनमें से कोई नहीं

44. पुणे, झाँसी से बड़ा है, सीतापुर, चित्तौड़ से बड़ा है। रायगढ़ उतना बड़ा नहीं है जितना झाँसी, लेकिन सीतापुर से बड़ा है। सबसे छोटा कौन है ?
(1) पुणे (2) झांसी (3) सीतापुर
(4) चित्तौड़ (5) इनमें से कोई नहीं *[RRB 2007]*

45. M, N, P, Q और T में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किये। N ने सिर्फ P से अधिक अंक प्राप्त किया तथा T और G ने सिर्फ M से कम अंक पाया। इनमें से किसने सबसे कम अंक प्राप्त किया ?
(1) P (2) T (3) P या T
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं
*[State Bank of India PO 2008]*

www.classroomnotes.in

46. पाँच लड़कों में विनीत, मानिक से लंबा है लेकिन उतना लंबा नहीं जितना रवि है। जैकब, दिलीप से लंबा है लेकिन मानिक से छोटा है। कौन सबसे लंबा है?
(1) रवि (2) मानिक (3) विनीत
(4) निश्चित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

47. हितेश, जया से धनी है जबकि मोहन, प्रीतम से धनी है। ललित, जया जितना धनी है। अमित, हितेश से धनी है। उपर्युक्त कथनों से कौन-सा निष्कर्ष निश्चित रूप से निकाला जा सकता है?
(1) जया, प्रीतम से गरीब है (2) मोहन, अमित से धनी है
(3) ललित, हितेश से गरीब है (4) प्रीतम, ललित से धनी है।
(5) इनमें से कोई नहीं

48. A, B, C, D और E में से प्रत्येक के भार अलग-अलग हैं। D, सिर्फ A से भारी है तथा C, B और E से हल्का है। सबसे भारी कौन है?
(1) B (2) E (3) C
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं
[State Bank of India PO 2010]

**निर्देश : (49–53) :** *नीचे दी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
(i) A, B, C, D और E पाँच दोस्त हैं।
(ii) B, E से बड़ा है, पर वह C जितना लंबा नहीं है।
(iii) C, A से उम्र में कम है और D एवं E से लंबा है।
(iv) A, D से लंबा है, पर E से उम्र में कम है।
(v) D, A से बड़ा है, पर समूह में सबसे नाटा है। [SSC 2009]

49. B के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?
I. B सबसे लंबा नहीं है।
II. B, A से नाटा है।
III. जब उन्हें ऊँचाई के हिसाब से आरोही क्रम में खड़ा किया जाता है, तो वह बीच में आता है।
(1) केवल I सत्य है (2) सभी सत्य है (3) सभी असत्य है
(4) केवल I और II सत्य हैं

50. निम्न में से कौन-सा युग्म D से बड़ा है?
(1) BA (2) BD (3) EA
(4) ज्ञात नहीं कर सकते

51. इनमें से कौन सबसे बड़ा है?
(1) C (2) B (3) E
(4) A

52. यदि उनके बीच में चुनाव किया जाना हो, तो ऐसा कौन होगा जो कि उनमें अपेक्षाकृत सबसे बड़ा भी हो और सबसे लंबा भी हो?
(1) A (2) E (3) D
(4) B

53. यदि F जो एक अन्य मित्र C से लंबा हो तो उनमें से कितने F और E के बीच आयेंगे, जबकि उन्हें उनकी लंबाई के हिसाब से लगाया गया है?
(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो
(4) तीन

54. पाँच भिन्न P, Q, R, S और T कॉलेज अलग-अलग गये। उनमें से प्रत्येक कॉलेज अलग-अलग समय पर पहुँचे। यदि केवल Q, R और S के बाद पहुँचा तो सबसे अंत में कौन पहुँचा?
(1) P (2) T (3) Q
(4) ज्ञात नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं
[Corporation Bank PO 2007]

55. P, Q, R, S और T में से प्रत्येक के प्राप्तांक अलग-अलग हैं। Q के प्राप्तांक केवल T से अधिक है तथा P के प्राप्तांक S से अधिक, परन्तु R से कम है। सबसे अधिक प्राप्तांक किसके हैं?
(1) P (2) S (3) R
(4) T (5) इनमें से कोई नहीं
[State Bank of India PO 2009]

56. प्रत्येक अलग-अलग वजन वाले B, F, J, K और W में से F केवल J से भारी है, B, F और W से भारी, किन्तु K जितना नहीं, इनमें तीसरा सबसे भारी कौन है?
(1) B (2) F (3) K
(4) W (5) इनमें से कोई नहीं [RBI 2009]

57. P, Q, R, S और T में से प्रत्येक की अलग-अलग लंबाई है Q, S से लंबा है, T, P से नाटा है R, Q से लंबा किन्तु T से नाटा है। इनमें सबसे लंबा कौन है?
(1) S (2) P (3) R
(4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं [IDBI 2008]

58. पाँच पुस्तकें A, B, C, D और E एक मेज पर रखी हैं। यदि A को E के नीचे, C को D के ऊपर, B को A के नीचे तथा D को E के ऊपर रखा जाता है, तो निम्नलिखित में कौन-सी पुस्तक मेज के तल को स्पर्श करेगी?
(1) E (2) B (3) C
(4) A (5) इनमें से कोई नहीं [IAS 1084]

59. एक प्रतियोगिता में पाँच लड़कों ने भाग लिया। सोहन का स्थान सुरेश से नीचे था। विजय का स्थान दीपक से ऊपर था। कुणाल का स्थान सोहन और विजय बीच में था। बताएँ कि इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान किसे मिला?
(1) कुणाल (2) दीपक (3) विजय
(4) सुरेश (5) इनमें से कोई नहीं

60. एक क्रिकेट मैच में अरूण, गोरख से कम रन बनाता है। हेमंत, महेश से अधिक रन बनाता है। सदानंद, हेमंत से अधिक रन पर अरूण से कम रन बनाता है। बतायें कि इनमें से सबसे ज्यादा रन बनानेवाला कौन है?
(1) हेमंत (2) अरूण (3) सदानंद
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

61. एक बेंच पर 5 सहेलियाँ बैठी हैं। लिनी, निम्मी के दाहिनी ओर है। लेकिन निम्मी, मिनी और पिंकी के बीच में है। बिनी, पिंकी के बायीं ओर है। मिनी, बिनी के सन्निकट नहीं है। बायें छोर पर कौन है?
(1) बिनी (2) पिंकी (3) निम्मी
(4) मिनी [SSC 2011]

62. विकाश ने प्रकाश से एक वर्ष पहले परंतु सुधीर से 2 वर्ष बाद स्नातक की परीक्षा पास किया। सुधीर, सुरेश तथा मुकेश से क्रमशः 3 वर्ष तथा 2 वर्ष बाद परंतु अमित से एक वर्ष पहले स्नातक की परीक्षा पास किया। रणधीर, सुरेश से एक वर्ष पहले स्नातक की परीक्षा पास किया। सबसे अंत में स्नातक की परीक्षा कौन पास किया?
(1) अमित (2) सुधीर (3) प्रकाश
(4) विकास (5) इनमें से कोई नहीं

63. छः मित्र A, B, C, D, E और F ने एक साथ किसी पहाड़ी पर चढना प्रारंभ किया। कुछ देर के बाद यह पाया गया कि D, B से ऊँचे स्थान पर पहुँच गया है। लेकिन उतने ऊँचे पर नहीं जितना E पहुँचा। C ऐसे स्थान पर पहुँच गया है जो कि न तो D से ऊँचा है और न ही A से नीचे है जबकि F से नीचे है तथा B से ऊपर नहीं है। बताएँ कि सबसे ऊपर कौन चढ़ा है?
(1) E (2) D (3) B
(4) तय नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

www.classroomnotes

64. तीन जहाज एक दूसरे के पास लंगर डाले हुए हैं। नीला जहाज, लाल जहाज के दायीं ओर है तथा हरे जहाज के बायीं ओर है। यदि नीला जहाज और हरे जहाज आपस में स्थान बदल लें तो—
(1) लाल जहाज और नीला जहाज एक-दूसरे के पास है
(2) हरा जहाज, लाल जहाज और नीले जहाज के बीच में है
(3) लाल जहाज, नीले जहाज के एकदम बायीं ओर है
(4) लाल जहाज बीच में है [SSC 2011]

65. पाँच लोग A, B, C, D और E आपकी ओर मुँह करके एक पंक्ति में इस प्रकार बैठे हैं कि D बायीं ओर है C के और B दायीं ओर है E के। A दायीं ओर है C के और B बायीं ओर है D के। यदि E एक छोर पर है, तो बीच में कौन बैठा है?
(1) A (2) B (3) C
(4) D [SSC 2011]

66. लोकप्रियता सूचकांक के पैमाने पर अधिकतम लोकप्रियता से न्यूनतम लोकप्रियता पर उपन्यास H उपन्यास E से ज्यादा लोकप्रिय है। उपन्यास G उतना लोकप्रिय नहीं हैं। जितना की F है, पर वह H से ज्यादा लोकप्रिय है। उपन्यास K सबसे कम लोकप्रिय है। उपन्यास J, उपन्यास K और E के बीच लोकप्रियता सूचकांक पर आता है। कौन-सा उपन्यास लोकप्रियता सूचकांक पर दूसरा सर्वाधिक लोकप्रिय है।
(1) G (2) E (3) F
(4) H (5) इनमें से कोई नहीं

67. प्रवीण, शाम्भवी, अजीत, मयूर और नीला एक ही कंपनी में काम करते हैं। नीला ने कंपनी में अजित के पहले किन्तु शाम्भवी के बाद नौकरी शुरू की। प्रवीण ने मयूर के बाद किन्तु शाम्भवी से पहले नौकरी शुरू की। इन पाँचों में से कौन वरिष्ठ है?
(1) नीला (2) अजीत (3) प्रवीण
(4) शाम्भवी (5) मयूर

**निर्देश (68–70) :** *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिये गये प्रश्नों का उत्तर दें।*

सात पुस्तक A, B, C, D, E, F और G एक गट्ठे में रखी हुई हैं। किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि वह एक ही क्रम में हों। G और C के बीच में उतनी ही पुस्तकें हैं। जितनी E और D के बीच में हैं। G और E के बीच में सिर्फ F है। E के ठीक ऊपर B है जबकि C सबसे नीचे नहीं है।

68. गट्ठे के मध्य में कौन-सी पुस्तक है?
(1) E (2) F (3) G
(4) तथ्य अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

69. कौन-सी पुस्तक सबसे ऊपर है?
(1) B (2) C (3) D
(4) तथ्य अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

70. गट्ठे में पुस्तक G का स्थान क्या है?
(1) नीचे से पहला (2) ऊपर से तीसरा (3) ऊपर से दूसरा
(4) नीचे से दूसरा (5) इनमें से कोई नहीं

71. उत्पल, अनिमेय से छोटा है पर वह उतना छोटा नहीं है जितना सुमेध। उत्पल, पियूष से बड़ा नहीं है। उन सबमें सबसे छोटा कौन है?
(1) सुमेध (2) उत्पल (3) अनिमेश
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

72. राम, मनु की अपेक्षा अधिक लंबा है, परन्तु उतना लंबा नहीं है जितना रवि है। करीम, दिलीप की अपेक्षा अधिक लंबा, परन्तु मनु की अपेक्षा छोटा है। सबसे अधिक लंबा कौन है?
(1) रवि (2) मनु (3) राम
(4) करीम [SSC 2009]

73. एक क्रिकेट मैच में केशव ने सर्वेश से अधिक परन्तु रितेश से कम रन बनाया। रितेश का रन देव के बराबर नहीं था। देव ने नीरज से अधिक रन बनाया। किसने सबसे अधिक रन बनाया?
(1) देव (2) रितेश (3) केशव
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

74. स्कूल की वार्षिक परीक्षा में रमा ने लीला से अधिक अंक प्राप्त किये किन्तु शीला से अधिक नहीं। देवकी ने शीला से कम अंक अर्जित किये किन्तु शीला को उतने नहीं मिले जितने मनीषा को मिले। किसे सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए?
(1) शीला (2) मनीषा (3) देवकी
(4) तथ्य अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

75. छः लड़कियाँ A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में पूरब की ओर मुख करके खड़ी हैं। B बिल्कुल बायें छोर पर है। D ठीक दायें है B के तथा F मध्य में है, D और C के। A पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं है। बायीं छोर से पाँचवाँ कौन है?
(1) B (2) C (3) A
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं

76. एक परीक्षा में सरिता ने अभिजीत से ज्यादा अंक अर्जित किया, किन्तु रणजीत जितना नहीं। राम ने श्याम से ज्यादा अंक अर्जित किया जिसे अभिजीत से कम मिले हैं। उनमें से सबसे कम अंक किसने अर्जित किया?
(1) श्याम (2) रणजीत (3) अभिजीत
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं

77. सुखवीर, रंधीर से लंबा है लेकिन उतना लंबा नहीं है, जितना अजीत। मनोज, नितिन से लंबा है जो कि अजित से छोटा है। बताएँ कि इनमें से सबसे छोटा कौन है?
(1) मनोज (2) नितिन (3) सुखवीर
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

78. चार पुस्तकें W, X, Y और Z किसी टेबुल पर एक के ऊपर एक इस प्रकार से रखी गयी है कि Z सबसे नीचे नहीं है और Y सबसे ऊपर है। निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से सत्य है?
(1) W, Z के ठीक ऊपर है।
(2) X, Z के ठीक ऊपर है।
(3) Z या तो X अथवा W के ठीक ऊपर है।
(4) Z, X के ठीक ऊपर है।
(5) Z, W के ठीक ऊपर है।

79. पाँच लड़कियाँ माला, कला, जया, प्रभा और सुधा उत्तर की ओर मुख करके किसी कतार में खड़ी है। माला किसी भी छोर पर नहीं है। सुधा, कला के ठीक दायीं ओर है जो कि जया के बायीं ओर दूसरा है। प्रभा किसी एक छोर पर है। इनमें से कौन मध्य में है?
(1) कला (2) माला (3) प्रभा
(4) जया (5) इनमें से कोई नहीं

80. पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E हैं। B लंबा है D से और D लंबा है A से और C लंबा है B से लेकिन E से छोटा है। सबसे लंबा कौन है?
(1) B (2) C (3) D
(4) E [SSC 2011]

81. पाँच छात्र छात्रवृत्ति की परीक्षा में बैठे। P ने Q से अधिक अंक प्राप्त किया। Y को Z से अधिक अंक प्राप्त हुए तथा X को सबसे कम अंक नहीं प्राप्त हुए। छात्रवृत्ति की परीक्षा में सबसे कम अंक किसने प्राप्त किया?
(1) Q (2) Z (3) Q या Z
(4) तथ्य अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

82. किसी स्कॉलरशीप परीक्षा में अरुण को गोविन्द से कम अंक प्राप्त हुए। हेमा को माला से अधिक अंक प्राप्त हुए। सविता को हेमा से अधिक लेकिन अरुण से कम अंक प्राप्त हुए। इनमें से सबसे अधिक अंक किसे प्राप्त हुए ?
(1) अरुण (2) सविता (3) हेमा
(4) तय नहीं किया जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

83. प्रत्येक विषयों में 500 अंकों की एक परीक्षा में आनन्द को इतिहास में विज्ञान से उतना ही अधिक अंक प्राप्त हुए जितना की अंग्रेजी से हुए हैं। विज्ञान में उसे उतने ही अंक प्राप्त हुए जितने की भूगोल में हुए और ये गणित और हिन्दी में प्राप्त अंकों से अधिक हैं। यदि प्राप्तांकों के अवरोही क्रम के आधार पर विषयों को व्यवस्थित किया जाय, तो ऊपर से हिन्दी कौन-से स्थान पर होगा ?
(1) दूसरा (2) तीसरा (3) चौथा
(4) पाँचवाँ (5) आँकड़े अपर्याप्त हैं

निर्देश (84–86) : तक के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारियों का अध्ययन कीजिए।
(i) छः किताबें एक के ऊपर एक रखी गयी हैं।
(ii) इतिहास की किताब, कम्प्यूटर के तुरंत ऊपर है। गणित की किताब, भौतिकी और नागरिकशास्त्र के बीच में है।
(iii) अंग्रेजी की किताब, इतिहास और नागरिकशास्त्र के मध्य है।

84. गणित और अंग्रेजी की किताबों के मध्य में कौन-सी किताब है ?
(1) भौतिकी (2) इतिहास (3) कम्प्यूटर
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

85. सबसे नीचे कौन-सी किताब है ?
(1) भौतिक (2) कम्प्यूटर (3) नागरिकशास्त्र
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

86. कौन-सी किताब सबसे ऊपर है ?
(1) भौतिकी (2) कम्प्यूटर (3) नागरिकशास्त्र
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

87. विपुल, जयेश से लंबा है परन्तु सुधा से छोटा है। राकेश, जयेश और कीर्ति से छोटा है। इनमें से सबसे लंबा कौन है ?
(1) सुधा (2) कीर्ति (3) जयेश
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

88. आयु में सुमा, ऊषा से बड़ी है। गीता, ऊषा से छोटी है। प्रेमा, सुमा से बड़ी है, तो उनमें सबसे बड़ी कौन है ?
(1) सुमा (2) ऊषा (3) गीता
(4) प्रेमा *[SSC 2011]*

89. समीर, प्रवीण से लंबा है लेकिन उतना लंबा नहीं है जितना की जयंत है। जयेश, प्रवीण से लंबा है लेकिन जयंत से नाटा है। बताएँ कि इनमें से सबसे छोटा कौन है ?
(1) प्रवीण (2) समीर (3) जयंत
(4) जयेश (5) ज्ञात नहीं किया जा सकता

निर्देश (90–91) : नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर देने के लिए यह जानकारी पढ़िये।
(i) किरण, इला से नाटी घर सीमा से लंबी है।
(ii) उमा, कीर्ति से नाटी पर किरण से लंबी है।

90. उन सबमें सबसे लंबी कौन है ?
(1) कीर्ति (2) इला (3) उमा
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

91. इन सबमें सबसे नाटी कौन है ?
(1) उमा (2) कीर्ति (3) किरण
(4) तय नहीं कर सकते (5) इनमें से कोई नहीं

92. पाँच पक्षी कौवा, कबूतर, छोटा कबूतर, बड़ा कौआ और गरूड़ एक पेड़ की शाखा से एक के बाद एक उड़ते हैं। बड़ा कौवा, कौवा के बाद उड़ा, मगर गरूड़ से आगे है। कबूतर, कौवा और बड़ा कौवा के बीच में है। छोटा कबूतर कौवा के आगे है। सबसे पीछे कौन-सा पक्षी है ?
(1) कबूतर (2) बड़ा कौवा (3) गरूड़
(4) इनमें से कोई नहीं *[SSC 2011]*

93. सुरेश को अनिता से अधिक परन्तु लता से कम अंक मिले हैं। पद्मा के अंक किरण से कम किन्तु सुरेश से अधिक है। यदि लता के अंक पद्मा से कम है। तो सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किये ?
(1) पद्मा (2) किरण (3) लता
(4) अनिता

94. किसी क्रिकेट मैच में सचिन ने राहुल से ज्यादा रन बनाये पर उतने ज्यादा नहीं जितने किरण ने बनाये थे। विनोद ने राहुल से कम रन बनायें पर गगन और आनंद से ज्यादा रन बनाये। उस मैच में निम्न में से किसका स्कोर सबसे कम था ?
(1) केवल आनंद (2) केवल राहुल (3) केवल गगन
(4) या तो गगन अथवा आनंद (5) इनमें से कोई नहीं

95. किसी दौड़ प्रतियोगिता में पाँच लड़के भाग लेते हैं। रणवीर इस दौड़ में मोहन से आगे आया परन्तु गणेश से पीछे रहा। अमित, शंकर से आगे रहा परन्तु मोहन से पीछे रहा बताएँ कि इस दौर प्रतियोगिता को किसने जीता ?
(1) रणवीर (2) गणेश (3) मोहन
(4) अमित (5) इनमें से कोई नहीं

96. पाँच छात्राओं ने स्कॉलरशिप परीक्षा दी। सुधा को पुजा से अधिक अंक मिले। कविता को सुमा से कम, लेकिन सुधा से अधिक अंक मिले। ममता को पूजा और सुधा के बीच अंक मिले। परीक्षा में सबसे कम अंक किसे मिले ?
(1) कविता (2) पूजा (3) ममता
(4) सुमा (5) इनमें से कोई नहीं *[MAT 2008]*

97. गणित की परीक्षा में रणधीर को जो अंक मिले वे कुणाल और देवू को मिले अंकों के योग से अधिक थे। कुणाल और शंकर के कुल अंक रणधीर के अंकों से अधिक थे। सोनल को शंकर से अधिक अंक मिले। नेहा को रणधीर से अधिक अंक मिले। इनमें से किसको सबसे अधिक अंक मिले ?
(1) रणधीर (2) नेहा (3) सोनल
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं *[RRB 2008]*

98. यदि प्रवीण, अजय से भारी है तथा अजय, वापामॉन से हल्का है, प्रकाश, प्रवीण से हल्का है और वापामॉन से भारी है, तो इनमें से शीर्ष से तीसरे स्थान पर कौन होगा, यदि इनको अधिक भारों के अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाय ?
(1) वापामॉन (2) प्रवीण (3) प्रकाश
(4) अजय *[RRB 2007]*

99. संगीता, कंचन से लंबी है। अनीता, पुष्पा से लंबी है, लेकिन वह उतनी लंबी नहीं है। जितना कि कंचन है। प्रभा, संगीता से लंबी है। बताएँ कि इनमें सबसे छोटी कौन है ?
(1) प्रभा (2) पुष्पा (3) कंचन
(4) संगीता (5) अनिता

100. अमित, आदेश से भारी है, लेकिन उतना भारी नहीं जितना कि अशोक। आदेश, अजय से भारी है। रणवीर, आशीष से भारी है, लेकिन अजय से हल्का है। इनमें सबसे हल्का कौन है ?
(1) अशोक (2) अजय (3) आशीष
(4) अमित (5) इनमें से कोई नहीं

www.classroomnotes.in

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (2) | 4. (1) | 5. (3) | 6. (4) |
| 7. (1) | 8. (1) | 9. (1) | 10. (2) | 11. (4) | 12. (2) |
| 13. (5) | 14. (2) | 15. (4) | 16. (3) | 17. (3) | 18. (4) |
| 19. (1) | 20. (4) | 21. (5) | 22. (3) | 23. (5) | 24. (4) |
| 25. (4) | 26. (3) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (3) | 30. (4) |
| 31. (4) | 32. (4) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (3) | 36. (4) |
| 37. (4) | 38. (1) | 39. (2) | 40. (1) | 41. (4) | 42. (5) |
| 43. (1) | 44. (4) | 45. (1) | 46. (1) | 47. (3) | 48. (4) |
| 49. (1) | 50. (4) | 51. (2) | 52. (4) | 53. (4) | 54. (4) |
| 55. (3) | 56. (4) | 57. (2) | 58. (2) | 59. (4) | 60. (5) |
| 61. (1) | 62. (3) | 63. (4) | 64. (2) | 65. (4) | 66. (1) |
| 67. (5) | 68. (4) | 69. (4) | 70. (5) | 71. (1) | 72. (1) |
| 73. (4) | 74. (2) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (4) | 78. (3) |
| 79. (5) | 80. (4) | 81. (4) | 82. (5) | 83. (5) | 84. (5) |
| 85. (2) | 86. (1) | 87. (4) | 88. (4) | 89. (1) | 90. (4) |
| 91. (5) | 92. (3) | 93. (2) | 94. (4) | 95. (2) | 96. (2) |
| 97. (4) | 98. (1) | 99. (2) | 100. (3) | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

**1. (2)** प्रश्नानुसार,

वरुण बड़ा है जयेश से ⇒ वरुण > जयेश

दिनेश छोटा है हरेश से ⇒ हरेश > दिनेश

सुरेश वरुण से बड़ा है किंतु दिनेश से छोटा है ⇒ दिनेश > सुरेश > वरुण

अतः हरेश > दिनेश > सुरेश > वरुण > जयेश


अतः सबसे बड़ा हरेश है।

**2. (1)** T > S > R > Q > P

अतः सबसे छोटा P है।

**Note :** *Q केवल P से बड़ा है अतः दूसरा छोटा Q हुआ और सबसे छोटा P हुआ।*


**3. (2)**




प्रश्नानुसार, विलास, आलोक के तुरंत बायीं ओर है।

**4. (1)** प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम

⇒





तब A और E के बीच दो व्यक्ति बैठे हुए हैं।

**5. (3)** प्रश्नानुसार, बढ़ती हुई लंबाई के अनुसार क्रम

करण < महेश < यश < ऋतिक < अभिषेक

अतः पहले स्थान पर करण आयेगा।

**6. (4)**





सबसे लंबा कौन है पता लगाने के लिए B और D की आवश्यकता पड़ेगा।

**7. (1)** प्रश्नानुसार, उनके लंबाई का क्रम

हरि < अनिल < नरेश < सुनील < मंगेश

सबसे नाटा हरि होगा। इसलिए (1) असत्य है।

**8. (1)** प्रश्नानुसार बैठने की व्यवस्था




**9. (1)** प्रश्नानुसार अवरोही क्रम में सजाने पर,

⇒ T > Q > [R] > P > S

अतः शुरू से तीसरा व्यक्ति R होगा।

**10. (2)** प्रश्नानुसार पाँचों बच्चों को लंबाई के अनुसार उनको अवरोही क्रम में सजाने पर,

F > H > [Q] > T > J

अतः तीसरा Q होगा।

**11. (4)** प्रश्नानुसार,

D > C

D > A > E

जानकारी अधूरी है क्योंकि निर्देशानुसार सबसे हल्का E, C अथवा B में से कोई भी हो सकता है।

**12. (2)** प्रश्नानुसार,

E > B > [D] > A > C

B केवल E से कम अंक प्राप्त करता है। इसका मतलब यह हुआ कि B दूसरा सबसे बड़ा है। अतः सबसे अधिक अंक E प्राप्त करता है।

**13. (5)** प्रश्नानुसार,

R < M

P < Q & D

किंतु, M या R के सापेक्ष P के भारी या हल्का होने की जानकारी उपलब्ध नहीं है। अतः आँकड़े अधूरे होने के कारण यह ज्ञात नहीं किया जा सकता है कि सबसे हल्का या दूसरा सबसे हल्का कौन है।

**14. (2)** प्रश्नानुसार,

C > E तथा A > B > D अतः A > B > D > C > E

सबसे अधिक धन A के पास है।


**15. (4)** प्रश्नानुसार,

E > C > D ... (i)

A < B ... (ii)

समीकरण (i) और (ii) से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि E को B से भी अधिक अंक प्राप्त हुए हैं या नहीं। अतः तीसरा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले का पता नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**16. (3)** प्रश्नानुसार, लंबाई के अनुसार घटते क्रम में Q, P, H, R तथा J की स्थिति




या, Q > P > H > J = R

अतः Q सबसे लंबा है।

www.classroomnotes.in

**17. (3)** प्रश्नानुसार, M केवल J से छोटा है अतः सबसे बड़ा J होगा।

$J > M$

तथा $L > N > K$

अतः $J > M > L > N > K$ (चूँकि M दूसरा सबसे बड़ा है।)

अतः सबसे छोटा K होगा।

**18. (4)** प्रश्नानुसार सजाने पर,

$\Rightarrow V < W < T < S$

अतः सबसे हल्का V होगा।

**19. (1)** प्रश्नानुसार,

$M > P$ तथा $T > R$

$T > R > M > P$

(चूँकि M केवल P से बड़ा है) इसलिए T सबसे बड़ा है।

**20. (4)** प्रश्नानुसार,

मोहन > प्रवीर > सुरेश

तथा प्रवीर > मिहिर > सुरेश

अतः मोहन > प्रवीर > मिहिर > सुरेश

अतः इन सबमें सबसे छोटा सुरेश है।

**21. (5)** प्रश्नानुसार, L केवल J के बाद पहुँचता है अर्थात J सबसे पहले पहुँचता है। उसके बाद J पहुँचता है तथा D केवल F के पहले पहुँचता है अर्थात F सबसे अंत में पहुँचता है।

अतः $J > L > \boxed{H} > D > F$

अतः तीसरे स्थान पर H पहुँचता है।

**22. (3)** प्रश्नानुसार,

$M > T > D > R > N$

इसलिए M सबसे लंबा है।

**23. (5)** आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**24. (4)** प्रश्नानुसार,

A, B से लंबा है तथा B, C से लंबा है।

$A > B > C$

तथा D, B और C से लंबा है

चूँकि प्रश्न में, D, A से लंबा है या नाटा इस विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

अतः इनमें से सबसे लंबा कौन है, यह ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**25. (4)** प्रश्नानुसार, उनको वरीयता के क्रम में सजाने पर

→ सुरेश
→ सोहन
→ कुणाल
→ विजय
→ दीपक

अतः सुरेश ने प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

**26. (3)** प्रश्नानुसार

सौरभ बड़ा है नीरज से ⇒ सौरभ > नीरज

विनोद बड़ा है सौरभ से ⇒ विनोद > सौरभ

मनु बड़ा है विनोद से ⇒ मनु > विनोद

तथा शिवम् बड़ा है मनु से ⇒ शिवम् > मनु

अतः शिवम् > मनु > विनोद > सौरभ > नीरज

अतः इनमें सबसे बड़ा शिवम है।

**27. (4)** प्रश्नानुसार

राम बड़ा है श्याम से ⇒ राम > श्याम

सुरेश बड़ा है राम से ⇒ सुरेश > राम

नरेश बड़ा है राम से ⇒ नरेश > राम

सुरेश बड़ा है नरेश से ⇒ सुरेश > नरेश

अतः सुरेश > नरेश > राम > श्याम

अतः इनमें सबसे छोटा श्याम है।

**28. (4)** कृष्णा बड़ी है कविता से ⇒ कृष्णा > कविता

मीना बड़ी है कृष्णा से ⇒ मीना > कृष्णा

कविता बड़ी है सीमा से ⇒ कविता > सीमा

अतः मीना > कृष्णा > कविता > सीमा

अतः इनमें सबसे छोटी सीमा है।

**29. (3)** प्रश्नानुसार

सपना, लता से छोटी है ⇒ सपना > लता

लता, कमला से छोटी है ⇒ लता > कमला

महेन्द्र, सपना से बड़ा और लता से छोटा है ⇒

लता > महेन्द्र > सपना

अतः कमला > लता > महेन्द्र > सपना

अतः इनमें सबसे बड़ी कमला है।

**30. (4)** प्रश्नानुसार

अनिल > आनंद

आनंद > विजय

रमण > अनिल

अतः रमण > अनिल > आनंद > विजय

अतः इनमें सबसे भारी रमण है।

**31. (4)** प्रश्नानुसार

E केवल A से भारी है ⇒ $E > A$

C, A और E से भारी है ⇒ $B > C > E > A$

तथा B से कम भारी है।

अतः $D > B > C > E > A$

इनमें सबसे भारी D होगा।

**32. (4)** प्रश्नानुसार

विपुल > हंस

हंस > आलोक

आलोक > आनंद

तथा महेश इन सब में से सबसे लंबा है।

अतः महेश > विपुल > हंस > आलोक > आनंद

अतः इनमें सबसे नाटा आनंद होगा।

**33. (1)** प्रश्नानुसार

आनंद > सूरज

सूरज > अशोक

अशोक > कोमल

अतः आनंद > सूरज > अशोक > कोमल

अतः इनमें सबसे लंबा आनंद है।

www.classroomnotes.in

**34. (3)** प्रश्नानुसार
गोपाल > मोहन
राम > गोपाल
मोहन > सोहन
राम > मोहन
अतः राम > गोपाल > मोहन > सोहन
अतः इनमें सबसे बड़ा राम है।

**35. (3)** प्रश्नानुसार
अक्षय > निखिल
नितिन > अक्षय
निखिल > सुमन
अतः नितिन > अक्षय > निखिल > सुमन
अतः इनमें सबसे भारी नितिन है।

**प्रश्न (36–38) :** तक के लिए संकेत
आयु के अनुसार
नीलम > मोनिका = रूपा > पूजा तथा रूपा > कामिनी
ऊँचाई के अनुसार
रूपा > कामिनी > नीलम > पूजा > मोनिका

**36. (4)** ऊँचाई के बढ़ते क्रम के अनुसार तीसरे क्रम पर नीलम है।

**37. (4)** आयु के घटते क्रम में चौथे क्रम पर ज्ञात नहीं हो सकता है।

**38. (1)** सिर्फ कथन I अनावश्यक है।

**39. (2)** प्रश्नानुसार
सीमा > रीमा
रीमा > रूही
रूही < सोनी
सोनी < रीमा
अतः सीमा > रीमा > सोनी > रूही
अतः इनमें सबसे नाटी रूही है।

**40. (1)** प्रश्नानुसार
B (सबसे हल्का है)
C > D
A > C
अतः A > C > D > B
अतः इनमें सबसे भारी A है।

**41. (4)** प्रश्नानुसार उनके बैठने का क्रम निम्न है।

B D A F C G E

इन सबों के बीच में F बैठा हुआ है।

**42. (5)** प्रश्नानुसार
R > M और T
P > N
अतः तीसरे क्रमांक पर सबसे अधिक अंक मिल किसे प्राप्त हुआ ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**43. (1)** प्रश्नानुसार
सुमा < उमा
नेहा > सुमा
सुधा > उमा
हेमा > सुधा
उमा > नेहा
अतः हेमा > सुधा > उमा > नेहा > सुमा
अतः इनमें सबसे लंबी हेमा है।

**44. (4)** प्रश्नानुसार
पुणे > झाँसी
सीतापुर > चित्तौड़
रायगढ < झाँसी > सीतापुर
अतः पुणे > झाँसी > रायगढ़ > सीतापुर > चित्तौड
अतः इनमें सबसे छोटा चित्तौड़ है।

**45. (1)** प्रश्नानुसार
N > P तथा M > T, G
अतः M > T तथा G > N > P
अतः P ने सबसे कम अंक प्राप्त किया।

**46. (1)** प्रश्नानुसार
रवि > विनीत > मानिक > जैकब > दिलीप
अतः इनमें रवि सबसे लंबा है।

**47. (3)** प्रश्नानुसार
मोहन > प्रीतम तथा अमित > हितेश > जया = ललित
अतः इनमें ललित, हितेश से गरीब है।

**48. (4)** जानकारी अधूरी है।

**प्रश्न (49–53)** तक के लिए संकेत
प्रश्नानुसार
उम्र के अनुसार व्यवस्थित करने पर
B > E
A > C
E > A
D > A
अतः B > E > A > C और D > A
लंबाई के अनुसार व्यवस्थित करने पर
C > B
C > D
E तथा A > D

**49. (1)** B सबसे लंबा नहीं है यह कथन सत्य है।

**50. (4)** चूँकि दिये गये कथन से D के उम्र की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है। अतः D से कौन-सा युग्म बड़ा है यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**51. (2)** B उम्र में सबसे बड़ा है।

**52. (4)** B उनमें अपेक्षाकृत सबसे बड़ा और सबसे लंबा है।

**53. (4)** यदि F, C से लंबा हो तो F और E के बीच A, B और C तीन दोस्त आएँगे।

**54. (4)** चूँकि केवल Q, R और S के बाद पहुँचा, अतः P व T, Q के बाद पहुँचेंगे। इसलिए सबसे अंत में पहुँचने वाले को ज्ञात नहीं कर सकते हैं।

**55. (3)** प्रश्नानुसार
R > P > S > Q > T
अतः सबसे अधिक प्राप्तांक R को प्राप्त हो रहा है।

www.classroomnotes.in

**56. (4)** प्रश्नानुसार

K > B > F, W तथा F > J

K > B > W > F > J


अतः इनमें तीसरा सबसे भारी W है।

**57. (2)** प्रश्नानुसार

P > T > R > Q > S

अतः इनमें सबसे लंबा P है।

**58. (2)** प्रश्नानुसार मेज पर रखी पुस्तकों का क्रम निम्न है—




अतः पुस्तक B मेज को स्पर्श करेगी।

**59. (4)** प्रश्नानुसार

सुरेश > सोहन

विजय > दीपक

सोहन > कुणाल

कुणाल > विजय

अतः सुरेश > सोहन > कुणाल > विजय > दीपक

अतः इनमें सबसे उच्च स्थान सुरेश ने प्राप्त किया।

**60. (5)** प्रश्नानुसार

गोरख > अरुण, हेमंत > महेश, अरुण > सदानन्द,

सदानंद > हेमंत

अतः गोरख > अरुण > सदानंद > हेमंत > महेश

अतः इनमें सबसे अधिक रन गोरख बनाता है।

**61. (1)**

बिनी  पिंकी  निम्मी  मिनी  लिनी

अतः इसमें बायीं ओर बिनी है।

**62. (3)** स्नातक परीक्षा पास करने के क्रम में व्यवस्थित करने पर

रणधीर > सुरेश > मुकेश > सुधीर > अमित > विकास > प्रकाश

अतः इनमें से सबसे अंत में स्नातक की परीक्षा प्रकाश ने पास की है।

**63. (4)** चढाई के क्रम में व्यवस्थित करने पर

E > D > B ... (i)

D ≥ C ≥ A ... (ii)

F > A > B ... (iii)

यहाँ E और F में कोई संबंध स्थापित न हो पा रहा है। अतः सबसे पहले कौन पहाड़ी पर चढा, निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**64. (2)** प्रश्नानुसार

लाल जहाज  नीला जहाज  हरा जहाज

परिवर्तन के बाद

लाल जहाज  हरा जहाज  नीला जहाज

अतः हरा जहाज, लाल जहाज और नीले जहाज के बीच में है।

**65. (4)** प्रश्नानुसार सजाने पर

E  B  D  C  A

अतः इनके बीच में D होगा।

**66. (1)** लोकप्रियता सूचकांक के पैमाने पर अधिकतम लोकप्रियता से न्यूनतम लोकप्रियता के क्रमानुसार

H > E > J > K... (i)

F > G > H ... (ii)

दोनों समीकरण का समायोजन करने पर

F > [G] > H > E > J > K

उपयुक्त समायोजन से स्पष्ट है कि दूसरा सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यास G है।

**67. (5)** वरीष्ठता के क्रम में सजाने पर

मयूर > प्रवीण > शाम्भवी > नीला > अजीत

अतः इनमें सबसे वरिष्ठ मयूर है।

**प्रश्न (68 –70) :** तक का उत्तर देने के लिए संकेत

| पुस्तक | क्रम |
|---|---|
| D/C | 1 |
| A/B | 2 |
| C/E | 3 |
| B/F | 4 |
| E/G | 5 |
| F/A | 6 |
| G/D | 7 |

**68. (4)** तथ्य अधूरे हैं।

**69. (4)** तथ्य अधूरे हैं।

**70. (5)** G या तो नीचे से पहला होगा नहीं तो नीचे से तीसरा होगा।

**71. (1)** प्रश्नानुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर

अनिमेश > उत्पल > सुमेध ... (i)

पियूष > उत्पल ... (ii)

अतः इनमें सबसे छोटा सुमेध है।

**72. (1)** प्रश्नानुसार लंबाई का अवरोही क्रमानुसार

रवि > राम > मनु ... (i)

मनु > करीम > दिलीप ... (ii)

अतः रवि > राम > मनु > करीम > दिलीप

अतः सबसे अधिक लंबा रवि है।

**73. (4)** प्रश्नानुसार रनों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर

रितेश > केशव > सर्वेश ... (i)

रितेश ≠ देव > नीरज

यहाँ रितेश तथा देव के बारे में स्पष्ट नहीं है कि किसने ज्यादा रन बनाया। अतः इनमें से सबसे अधिक रन किसने बनाया यह निश्चित नहीं किया जा सकता।

**74. (2)** प्रश्नानुसार अंकों के अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर

शीला > रमा > लीला ... (i)

मनीषा > शीला > देवकी ... (ii)

मनीष > [शीला] > रमा > रमा > लीला

[शीला] > देवकी

अतः सबसे अधिक मनीषा ने अंक प्राप्त किया।

www.classroompdfs.in

**75. (3)** प्रश्नानुसार सजाने पर

B D F C [A] E

बायें छोर से पाचवाँ स्थान

**76. (1)** प्रश्नानुसार अंकों के अवरोही क्रम में संयोजित करने पर

रणजीत > सरिता > अभिजीत ... (i)

अभिजीत > राम > श्याम
या, राम > अभिजीत > श्याम → ... (ii)

अतः इनमें सबसे कम अंक श्याम ने अर्जित किया।

**77. (4)** प्रश्नानुसार लंबाई के घटते क्रम में संयोजित करने पर

अजीत > सुखवीर > रंधीर ... (i)

अजीत > मनोज > नितिन
या, मनोज > अजीत > नितिन → ... (ii)

यहाँ रंधीर और नितिन में से कौन छोटा है यह स्पष्ट नहीं है। अतः इनमें से सबसे छोटा कौन है इस बात की जानकारी के लिये प्रश्न में दिये गये आँकड़े अधूरे हैं।

**78. (3)** पुस्तकों का क्रम निम्न प्रकार हो सकता है—

Y > X > Z > W
Y > Z > X > W
Y > Z > W > X
Y > W > Z > X

यहाँ Z या तो X अथवा W के ठीक ऊपर है।

**79. (5)** प्रश्नानुसार पाँचों लड़कियों के कतार में खड़े होने की स्थिति निम्न है।

कला सुधा [जया] माला प्रभा

या, प्रभा माला [कला] सुधा जया

अतः ठीक बीच में स्थित लड़की जया या कला होगी।

**80. (4)** प्रश्नानुसार, उनको अवरोही क्रम में सजाने पर

B > D > A ... (i)
E > C > B ... (ii)

अतः E > C > B > D > A

अतः इनमें सबसे बड़ा E होगा।

**81. (4)** प्रश्नानुसार प्राप्त अंकों को अवरोही क्रम में सजाने पर

P > Q ... (i)
Y > Z ... (ii)
X (को सबसे कम अंक नहीं) ... (iii)

अतः X > P > Q > Y > Z

या, X > Y > Z > P > Q

यहाँ Z और Q के बारे में स्पष्ट नहीं है कि किसने कम रन बनाया। अतः इनमें से सबसे कम रन किसने बनाया यह निश्चित नहीं किया जा सकता।

**82. (5)** प्रश्नानुसार प्राप्त अंकों को अवरोही क्रय में सजानें पर

गोविन्द > अरुण ... (i)

अरुण > सविता > हेमा > माला ... (ii)

अतः [गोविन्द] > अरुण > सविता > हेमा > माला


अतः इनमें सबसे अधिक अंक गोविन्द ने प्राप्त किया।

**83. (5)** प्रश्नानुसार प्राप्त अंकों के आधार पर विषयों को व्यवस्थित करने पर

इतिहास > विज्ञान = अंग्रेजी = भूगोल > (गणित + हिन्दी)

यहाँ हिन्दी और गणित में किसमें अधिक अंक प्राप्त हुए हैं यह अस्पष्ट नहीं है। अतः हिन्दी का क्रम निर्धारण के लिए दिये गये आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**प्रश्न (84–86)** तक के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए किताबों का क्रय निम्न प्रकार है।




**84. (5)** नागरिकशास्त्र की किताब गणित और अंग्रेजी की किताबों के मध्य में स्थित है।

**85. (2)** कम्प्यूटर की किताब सबसे नीचे है।

**86. (1)** भौतिकी की किताब सबसे ऊपर है।

**87. (4)** प्रश्नानुसार लंबाई के घटते क्रमानुसार

सुधा > विपुल > जयेश ... (i)

कीर्ति > जयेश > राकेश
या, जयेश > कीर्ति > राकेश → ... (ii)

यहाँ कीर्ति के बारे में पता नहीं चल पा रहा है की वह जयेश से बड़ा है या छोटा। अतः इनमें से सबसे लंबा कौन है यह तय नहीं किया जा सकता।

**88. (4)** प्रश्नानुसार लंबाई के घटते क्रमानुसार

प्रेमा > सुमा > ऊषा > गीता

अतः इन सब में प्रेमा सबसे बड़ी है।

**89. (1)** प्रश्नानुसार लंबाई के घटते क्रमानुसार

जयंत > समीर > प्रवीण ... (i)

जयंत > जयेश > प्रवीण ... (ii)

अतः इन सब में सबसे छोटा प्रवीण है।

**प्रश्न (90–91) :** के उत्तर प्राप्त करने के लिए लंबाई के घटते क्रमानुसार

इला > किरण > सीमा ... (i)

कीर्ति > उमा > किरण ... (ii)

समीकरण (i) और (ii) को एक साथ लेने पर

(इला) > कीर्ति > उमा > (इला) > उमा > किरण > सीमा

**90. (4)** उपर्युक्त क्रम से हमें इला की दो स्थितियाँ प्राप्त हो रही हैं। अतः इस स्थिति में सबसे लंबा कौन है, यह तय नहीं किया जा सकता।

**91. (5)** उपर्युक्त क्रमानुसार इनमें से सबसे नाटी सीमा है।

**92. (3)** प्रश्नानुसार उनके उड़ने का क्रम निम्न है—

→ छोटा कबूतर
→ कौवा
→ कबूतर
→ बड़ा कौवा
→ गरूड़

अतः इनमें सबसे बाद में गरूड़ उड़ा।

93. (2) प्रश्नानुसार उनको अवरोही क्रम में सजाने पर
लता > सुरेश > अनिता ... (i)
किरण > पद्‌मा > सुरेश ... (ii)
पद्‌मा > लता
अतः किरण > पद्‌मा > लता > सुरेश > अनिता
अतः इनमें सबसे अधिक अंक किरण प्राप्त करती है।

94. (4) प्रश्नानुसार रनों के घटते क्रमानुसार
किरण > सचिन > राहुल > विनोद > (गगन) > आनंद > (गगन)
यहाँ गगन की दो स्थितियाँ प्राप्त हो रही हैं। अतः इनमें से सबसे कम रन किसने बनाया यह निश्चित रूप से तय नहीं किया जा सकता।

95. (2) प्रश्नानुसार दौड़ का क्रम निम्न है—
गणेश > रणवीर > मोहन ... (i)
मोहन > अमित > शंकर ... (ii)
अतः गणेश > रणवीर > मोहन > अमित > शंकर
अतः इनमें से दौड़ प्रतियोगिता को गणेश ने जीता।

96. (2) प्रश्नानुसार प्राप्त अंकों के अनुसार घटते क्रमानुसार
सुधा > पूजा ... (i)
सुमा > कविता > सुधा ... (ii)
सुधा > ममता > पूजा ... (iii)
अतः सुमा > कविता > सुधा > ममता > पूजा
अतः इनमें सबसे कम अंक पूजा ने प्राप्त किया।

97. (4) प्रश्नानुसार प्राप्त अंकों के अनुसार घटते क्रमानुसार
रणधीर > कुणाल + देबू
कुणाल + शंकर > रणधीर
सोनल > शंकर
नेहा > रणधीर
अतः इनमें सबसे अधिक अंक कौन प्राप्त किया ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

98. (1) प्रश्नानुसार वजन के अनुसार अवरोही क्रम
प्रवीण > प्रकाश > वापामॉन > अजय
अतः तीसरे स्थान पर वापामॉन रहा।

99. (2) प्रश्नानुसार लंबाई के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर
प्रभा > संगीता > कंचन > अनिता > पुष्पा
अतः इनमें सबसे छोटी पुष्पा है।

100. (3) प्रश्नानुसार भार के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर
अशोक > अमीत > आदेश > अजय > रणवीर > आशीष
अतः इनमें सबसे हल्का आशीष है।

***

www.classroomnotes.in